दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



घर कब आओगे.....

नहीं लेती बॉक्स ऑफिस नंबर........


वर्ष : 12 अंक : 13 लखनऊ, 04 जनवरी, रविवार 2026 पृष्ठ : 08 मूल्य : 2.00 रुपए

पीएम ने पिपरहवा अवशेषों की प्रदर्शनी का किया शुभारंभ

# भगवान बुद्ध सबके हैं, सबको जोड़ते हैं, उनके अवशेष पाकर हम सभी धन्य हो गए

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख/नई दिल्ली,

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को भगवान बुद्ध से जुड़े पवित्र पिपरहवा अवशेषों की भव्य अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा, सवा सौ साल के इंतजार के बाद भारत की विरासत लौटी है, भारत की धरोहर लौटी है। आज से भारतीय जनमानस, भगवान बुद्ध के इन पवित्र अवशेषों के दर्शन कर पाएगा, भगवान बुद्ध के आशीर्वाद ले पाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भगवान बुद्ध सबके हैं, सबको जोड़ते हैं। मैं इस शुभ अवसर पर यहां मौजूद सभी अतिथियों का स्वागत और अभिनंदन करता हूं।



भगवान बुद्ध के आशीर्वाद से यह साल दुनिया के लिए शांति, समृद्धि और सद्भाव लेकर आए

## प्रधानमंत्री ने कहा- सवा सौ साल के लंबे इंतजार के बाद यह 'धरोहर' देश में लौटी



कार्यक्रम के दौरान संतों को नमन करते हुए प्रधानमंत्री

### 2026 का मेरा पहला सार्वजनिक कार्यक्रम

उन्होंने कहा कि 2026 के शुरुआत में ही यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि 2026 का ये मेरा पहला सार्वजनिक कार्यक्रम है, जो भगवान बुद्ध की चरणों से शुरू हो रहा है। मेरी कामना है कि भगवान बुद्ध के आशीर्वाद से 2026 दुनिया के लिए शांति, समृद्धि और सद्भाव का नया दौर लेकर आए। जिस स्थान पर यह प्रदर्शनी लगी है वो भी अपने-आप में विशेष है। किला राय पिथौरा का यह स्थान भारत के गौरवशाली इतिहास की यशभूमि है।

### बुद्ध के पवित्र अवशेष हमारे आराध्य- सभ्यता के ही अंश

पीएम मोदी ने कहा कि भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष को अपने बीच पाकर हम सभी धन्य हैं। सबक ये है कि गुलामी कोई राजनीतिक और आर्थिक नहीं होती, गुलामी हमारी विरासत को भी तबाह कर देती है। भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष के साथ भी यही हुआ। गुलामी के कालखंड में इन्हें भारत से छीना गया। करीब सवा सौ साल तक ये देश से बाहर ही रहे हैं। अब इनकी प्राप्ति हो रही है।

### देश को उनकी परंपरा का जीवंत वाहक बताया

प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं खुद को बहुत भाग्यशाली समझता हूं, क्योंकि भगवान बुद्ध का मेरे जीवन में बहुत ही गहरा स्थान रहा है। मेरा जन्म जिस वडनगर में हुआ, वो बौद्ध शिक्षा का बहुत बड़ा केंद्र था। जिस भूमि पर भगवान बुद्ध ने प्रथम उपदेश दिए, वो सारनाथ आज मेरी कर्मभूमि है। भारत केवल भगवान बुद्ध के पावन अवशेषों का संरक्षक नहीं है, बल्कि उनकी परंपरा का जीवंत वाहक भी है। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध से जुड़े अवशेष बुद्ध के संदेश की जीवित उपस्थिति है।

### पूरी मानवता को ज्ञान दिया

उन्होंने कहा, भगवान बुद्ध का ज्ञान, उनका दिखाया मार्ग... पूरी मानवता का है। यह भाव हमने बीते कुछ महीनों में बार-बार अनुभव किया। बुद्ध के पावन अवशेष जिस भी देश में गए, वहां आस्था और श्रद्धा का ज्वार उमड़ आया।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 42.c

न्यूनतम तापमान 29.c

**बाजार**

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g


सेंसेक्स 82,530.74

निफ्टी 25,062.10

**खबर संक्षेप**

### प्रताड़ना मामले में आरोपित प्रोफेसर सस्पेंड

सोलन। धर्मशाला कॉलेज की छात्रा से रैगिंग व प्रताड़ना के बाद मौत मामले में हिमाचल प्रदेश के



मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू के आदेश पर आरोपित एसोसिएट प्रोफेसर अशोक कुमार को सस्पेंड कर दिया गया है। विभाग ने इस संबंध में लिखित ऑर्डर जारी कर दिए हैं। आरोपित को शिक्षा निदेशालय शिमला भेज दिया है। उस पर शर्तें लगाई गई हैं।

### तेलंगाना ने खत्म किया 2 बच्चों वाला नियम


हैदराबाद। तेलंगाना विधानसभा ने स्थानीय निकाय चुनाव के लिए दो बच्चों के नियम को समाप्त करने



वाला विधेयक शनिवार को पारित कर दिया। इसके के तहत दो से अधिक बच्चों वाले व्यक्ति स्थानीय निकाय चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य हो जाते थे। पंचायत राज मंत्री दानसारी अनुसूया ने कहा कि दो बच्चों का नियम जनसंख्या नियंत्रण को लागू किया गया था।

### नशे में मंदिर के ऊपर चढ़ा शख्स, शराब मांगी

तिरुपति। आंध्र प्रदेश के तिरुपति स्थित श्री गोविन्दराज स्वामी मंदिर में एक व्यक्ति ने शराब के नशे में



हंगामा किया। वह सुरक्षाकर्मियों को चकमा देने में कामयाब रहा और मंदिर की दीवारों पर चढ़कर शराब की बोतल की मांग करने लगा। व्यक्ति ने कहा कि उसे एक क्वार्टर शराब की बोतल चाहिए तभी वह नीचे उतरेगा। उसकी पहचान कुट्टाडी के रूप में हुई है।

संदेशखाली में मूसा मोल्लाह की गिरफ्तारी पर मचा बवाल

# टीएमसी कार्यकर्ता को गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस टीम पर किया हमला, 6 जवान घायल

## गांव के एक समूह ने हमला किया और पुलिस की गाड़ी को भी नुकसान पहुंचाया

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली इलाके में तृणमूल कांग्रेस के एक कार्यकर्ता को गिरफ्तार करने के बाद भीड़ ने पुलिस पर हमला कर दिया। इस हमले में 6 पुलिसकर्मी घायल हो गए। बताया जा रहा है कि नजात पुलिस थाने की टीम शुक्रवार रात संदेशखाली ब्लॉक के बोयरमारी गांव में टीएमसी कार्यकर्ता मूसा मोल्लाह को गिरफ्तार करने गई थी। अधिकारी ने बताया कि पुलिसकर्मियों पर गांव के एक समूह ने हमला किया और पुलिस की गाड़ी को भी नुकसान पहुंचाया। घायल छह पुलिसकर्मियों, जिनमें एक अधिकारी भी शामिल है, उनको स्थानीय अस्पताल में इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है। बताया जा रहा है कि जब पुलिस टीम मोल्लाह को उसके घर से उठाकर पुलिस की गाड़ी में ले जा रहे थे, तो गांव वालों के एक समूह ने टीम पर पत्थर फेंके, जिससे वे घायल हो गए।

भीड़ ने पत्थरबाजी भी की

एक अधिकारी भी इस दौरान घायल हो गया जिसे भर्ती कराया



पुलिस और भीड़ के बीच होती रही कहासुनी


### 2 टीएमसी नेताओं को भी हिरासत में लिया

एक अधिकारी ने बताया कि मोल्लाह को इलाके में मछली पालन के लिए जबरन तालाबों पर कब्जा करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। अतिरिक्त पुलिस बल भेजे जाने और भीड़ को खदेड़ने के बाद आखिरकार उसे पुलिस स्टेशन ले जाया जा सका। अधिकारी ने बताया कि उसके अलावा, भीड़ को उकसाने के आरोप में ग्राम पंचायत प्रधान सहित दो स्थानीय टीएमसी नेताओं को भी हिरासत में लिया गया है।

अभिषेक का भाजपा पर हमला

### भाजपा सांप की तरह, अपने आंगन में रखेंगे तो काटेंगे ही

अलीपुरद्वार। बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले राजनीति गरमा गई है। टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव और सांसद अभिषेक बेनर्जी ने



शनिवार को बीजेपी पर बड़ा जुबानी हमला किया। बेनर्जी ने जनता से कहा कि भाजपा एक सांप की तरह है। अगर आप अपने आंगन में 1 या 18 सांप रखेंगे, तो आखिरकार वह आपको काटेंगे ही। इस बार आने वाले चुनावों में यह पक्का करें कि अलीपुरद्वार में कोई सांप न रहे। भाजपा को इस राज्य से बाहर करना होगा।

टीएमसी का नया चुनावी कैंपेन

### घायल हूं, इसलिए घातक हूं

बंगाल चुनाव की औपचारिक घोषणा भले ही अभी नहीं हुई है, लेकिन राजनीतिक दलों ने चुनावी तैयारियां शुरू कर दी हैं। टीएमसी ने भी अपने नए चुनावी अभियान की शुरुआत कर दी है। अभिषेक की बंगाल यात्रा को लेकर एक नया वीडियो जारी किया गया है, जिसमें फिल्म 'धुरंधर' के डायलॉग और गाने का इस्तेमाल किया गया है। दरअसल, इस वीडियो में अभिषेक का संदेश 'घायल हूं इसीलिए घातक हूं' सामने रखा गया है, जिसे पार्टी के नए कैंपेन की टैगलाइन के तौर पर पेश किया गया है।

चक्रवर्ती का आरोप

### बंगाल को 'वेस्ट पाकिस्तान' बना रहे कश्मीर फाइल्स जैसी स्थिति हो रही



भाजपा नेता मिथुन चक्रवर्ती ने बंगाल की कानून-व्यवस्था को लेकर राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। कूचबिहार में मिथुन ने आरोप लगाया कि बंगाल में जान-बूझकर ऐसे हालात बनाए जा रहे हैं, जो कश्मीर फाइल्स में दिखाए गए घटनाक्रम से मिलते-जुलते हैं। वे इसे वेस्ट पाकिस्तान बना रहे।

### टीएमसी सांसद नूर कांग्रेस में शामिल

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल की राजनीति में बड़ा सियासी घटनाक्रम सामने आया है। तृणमूल कांग्रेस की राज्यसभा



सांसद मौसम बेनजीर नूर ने कांग्रेस का दामन थाम लिया है। अटकलों पर विराम लगाते हुए उनकी यह घर वापसी कांग्रेस के लिए बंगाल से आई बड़ी खुशखबरी मानी जा रही है। 2026 के विधानसभा चुनाव से ठीक पहले मौसम नूर का कांग्रेस में शामिल होना सिर्फ एक दल-बदल नहीं, बल्कि बंगाल की राजनीति में सियासी संतुलन बदलने वाला कदम माना जा रहा है।

चेन्नई में 9वें सिद्धा दिवस समारोह का किया उद्घाटन

## सिद्धा आधुनिक विश्व के लिए समग्र व निवारक स्वास्थ्य प्रणाली: राधाकृष्णन



अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने 9वें सिद्धा दिवस समारोह का उद्घाटन करते हुए कहा कि सिद्धा चिकित्सा प्रणाली आधुनिक विश्व के लिए एक समग्र, निवारक और टिकाऊ स्वास्थ्य प्रणाली है, जिसकी प्रासंगिकता और बढ़ गई है।

नीति निर्माताओं, सिद्धा चिकित्सकों, शिक्षाविदों और छात्रों को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने कहा कि भारत की पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियां सिद्धा, आयुर्वेद, योग एवं अन्य आयुष प्रणालियां अतीत की धरोहर नहीं, बल्कि जीवंत परंपराएं हैं, जो आज भी करोड़ों लोगों के स्वास्थ्य और कल्याण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने सिद्धा चिकित्सा को भारत की सबसे प्राचीन और गहन चिकित्सा परंपराओं में से एक बताते हुए कहा कि यह शरीर, मन और प्रकृति के बीच संतुलन स्थापित करने पर आधारित है।

### ग्रंथ नष्ट हो रहे

उपराष्ट्रपति ने कहा कि ऐतिहासिक उपेक्षा और अपर्याप्त दस्तावेजीकरण के कारण कई बहुमूल्य ग्रंथों के नष्ट होने का खतरा रहा है। उन्होंने पारंपरिक चिकित्सा ज्ञान के संरक्षण, संग्रह और शोध के लिए निरंतर और व्यवस्थित प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। तेज जीवनशैली, तनाव और अस्वस्थ आदतों से उत्पन्न बीमारियों के संदर्भ में उपराष्ट्रपति ने सिद्धा की निवारक चिकित्सा, जीवनशैली प्रबंधन और रोगों की जड़ तक उपचार की पद्धति को अत्यंत प्रासंगिक बताया। उन्होंने आधुनिक चिकित्सा की उपलब्धियों को स्वीकार करते हुए कहा कि दीर्घकालिक उपचार और संतुलन बहाली में पारंपरिक प्रणालियों की भूमिका अहम है। उपराष्ट्रपति ने विश्वास जताया कि सिद्धा चिकित्सा में असाध्य बीमारियों के स्थायी उपचार संभव हैं। उन्होंने शोधार्थियों को वित्तीय सहयोग उपलब्ध कराने की जरूरत पर भी जोर दिया।

### सिद्धा शिक्षा में प्रगति का उल्लेख किया

सिद्धा शिक्षा और अनुसंधान में हुई प्रमुख प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि डब्ल्यूएचओ की आईसीडी-11 में सिद्धा मॉर्बिडिटी कोड्स को शामिल किया जाना और अंतरराष्ट्रीय मानक शब्दावली का विकास, सिद्धा को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। समारोह में सिद्धा चिकित्सा में उल्लेखनीय योगदान के लिए पांच प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों को सम्मानित किया गया। इनमें डॉ. बी. माइकल जेयराज, डॉ. टी. कन्नन राजाराम, दिवंगत डॉ. आई. सोर्नामरियम्मल, डॉ. मोहना राज और प्रो. डॉ. वी. बनुमति शामिल हैं। 'वैश्विक स्वास्थ्य के लिए सिद्धा' विषय पर आधारित इस आयोजन में देशभर से सिद्धा चिकित्सक, वैज्ञानिक, शिक्षाविद और छात्र शामिल हुए। कार्यक्रम ने सिद्धा चिकित्सा को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणालियों का अभिन्न अंग बनाने की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया।

पटना में बोले सीजेआई

## कानून प्रणाली में सहानुभूति जरूरी, त्वरित न्याय मिले

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने शनिवार को कहा कि कानून प्रणाली में



'सहानुभूति' होना जरूरी है, क्योंकि इसी से एक न्यायपूर्ण समाज और अन्यायपूर्ण समाज में फर्क होता है। उन्होंने यह भी कहा कि न्याय सबसे ज्यादा उन लोगों और समुदायों तक पहुंचना चाहिए जिन्हें इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है सीजेआई ने ये बातें पटना के चाणक्य राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह में कहीं। उन्होंने युवा वकीलों को कहा कि मेहनत और जोश होना जरूरी है।

### न्याय मशीनों से नहीं मिलता

सीजेआई ने कहा कि न्याय मशीनों से नहीं, बल्कि संवेदनशील और सक्षम लोगों से मिलता है और इसी समझ के साथ न्याय व्यवस्था को एक समावेशी, सक्षम और मानवीय न्याय प्रणाली के निर्माण की दिशा में निरंतर आगे बढ़ना होगा।

एआईएमआईएम नेता जलील बोले

## गलत इरादे से मुस्लिम महिलाओं को छुआ तो मैं हाथ काट दूंगा

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा एक महिला के चेहरे से नकाब



हटाए जाने और फिर इस पर उत्तर प्रदेश के एक मंत्री की टिप्पणी से उठे विवाद के बीच, एआईएमआईएम नेता इम्तियाज जलील ने कहा है कि जो भी व्यक्ति मुस्लिम महिलाओं को गलत इरादे से छूने की हिम्मत करेगा, वह उसके हाथ काट देंगे। जलील ने महाराष्ट्र के जालना में कहा कि 'तथाकथित धर्मनिरपेक्ष दल' गुंडों और आपराधिक तत्वों का पक्ष लेते हैं, लेकिन मुसलमानों का समर्थन करने से हिचकते हैं। उन्होंने हिजाब विवाद को लेकर नीतीश कुमार पर निशाना साधा। औरंगाबाद के पूर्व सांसद ने कहा, उत्तर प्रदेश के एक मंत्री ने आपत्तिजनक बयान दिया था। अगर कोई भी मुस्लिम बहन को गलत इरादे से छूने की हिम्मत करेगा, तो मैं उसका हाथ काट दूंगा। उत्तर प्रदेश के मंत्री संजय निषाद ने नीतीश कुमार से जुड़े हिजाब विवाद के सिलसिले में बात की थी।

## दुनिया का सबसे बड़ा शिवलिंग




**गोपालगंज में रामायण मंदिर में स्थापित होगा**

गोपालगंज। दुनिया के सबसे बड़े शिवलिंग की स्थापना मोतिहारी के कल्याणपुर प्रखंड अंतर्गत कैथवलिया गांव के जानकीनगर में बन रहे विराट रामायण मंदिर में की जाएगी। महाबलीपुरम से 38 दिन की यात्रा तय कर तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश से बिहार पहुंचा।

# गोमती नदी पर स्माइलिंग थीम पर बनेगा पेडेस्ट्रियन ब्रिज

## शासन ने लगायी मुहर, मुस्कुराइए की आप लखनऊ में हैं की थीम पर होगा 180 मीटर लंबा ब्रिज

अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ।** गोमती नदी पर पेडेस्टियन ब्रिज के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। लगभग 54 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले इस 180 मीटर लंबे ब्रिज के लिए शासन ने मंजूरी दे दी है। ब्रिज का निर्माण 18 महीने में पूरा होगा, जिसके लिए शासन ने पहली किश्त के तौर पर 18.90 करोड़ रुपए की धनराशि भी स्वीकृत कर दी है। मुस्कुराइए की आप लखनऊ में हकी थीम पर बनने वाला यह पेडेस्ट्रियन ब्रिज लखनऊ को नयी पहचान देगा।

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि अहमदाबाद के अटल ब्रिज की तर्ज पर गोमती नदी पर एडीसीपी ऑफिस के पास पेडेस्ट्रियन ब्रिज का निर्माण किया जाएगा, जोकि रिवर फ्रंट के दोनों किनारों को जोड़ेगा। ब्रिज की डिजाइन अनूठी व बेहद खास हो, इसके लिए आर्किटेक्ट डिजाइन कॉम्पटीशन आयोजित कराया गया था। इस प्रतियोगिता में देश भर से लगभग 25 आर्किटेक्ट संस्थाओं ने हिस्सा लेते हुए ब्रिज की ड्राइंग-डिजाइन भेजे थे।

### मुंबई के आरवैम्प स्टूडियो की डिजाइन चयनित

ज्यूरी पैनल ने मुंबई की संस्था आरवैम्प स्टूडियो की डिजाइन को चयनित किया। जिसके आधार पर पेडेस्ट्रियन ब्रिज का निर्माण कराया जाएगा। यहां ब्रिज बनने से गोमती नदी के दायें किनारे पर लोगों की आवाजाही बढ़ेगी और वहां विकसित क्रिकेट स्टेडियम, विवाह स्थल, किड्स प्ले एरिया, एम्फीथिएटर, फ्लोटिंग रेस्टोरेंट, वॉटर स्पोर्ट्स आदि गतिविधियों की उपयोगिता भी बढ़ेगी।

### 12 मीटर चौड़ा होगा ब्रिज

उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि नदी पर यह ब्रिज 180 मीटर लंबा होगा। जबकि, रैम्प और प्लेटफार्म को मिलाकर इसकी कुल लंबाई 380 मीटर तक होगी। लोग आसानी से चहलकदमी कर सके, इसके लिए ब्रिज की चौड़ाई 12 मीटर रखी जाएगी। ब्रिज के स्ट्रक्चर को संभालने के लिए 13 पीयर्स बनाए जाएंगे। पुल के तल पर 30 मीटर और 40 मीटर चौड़े स्पैन प्लेट गर्डर्स दिये जाएंगे, जहां लोग खड़े होकर नदी का नजारा देख सकेंगे। इसके अलावा स्टील ट्यूबलर सेक्शन से ब्रिज के किनारों की संरचना की जाएगी।

- एडीसीपी ऑफिस के पास बनने वाला यह ब्रिज रिवर फ्रंट के दोनों किनारों को जोड़ेगा
- 18 माह में पूरा होगा निर्माण, 54 करोड़ रुपये आयेगी कुल लागत, शासन ने 18.90 करोड़ जारी किये

### स्माइलिंग थीम पर आकार लेगा ब्रिज

■ पेडेस्ट्रियन ब्रिज मुस्कुराइए की आप लखनऊ में हकी स्माइलिंग थीम पर होगा, जिसकी झलक इसकी डिजाइन में भी दिखेगी। पुल की सतह पर स्टाम्प कंक्रीटिंग, जीआरसी पैनल, ग्रेनाइट, एसीपी पैनल का काम कराया जाएगा। इसके अलावा टेन्साइल स्ट्रक्चर से रूफिंग की जाएगी। पुल पर स्ट्रीट लाइट्स, बोलार्ड लाइट्स व फ्लोर लाइट्स लगवायी जाएंगी, जिससे रात के समय पर्याप्त रोशनी के साथ पुल की सुंदर आकृति दिखेगी। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि ब्रिज के निर्माण में लगभग 54 करोड़ रुपए खर्च होंगे। शासन ने परियोजना पर मुहर लगाते हुए पहली किश्त के रूप में 18.90 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है।

# डिजिटल निगरानी से सुरक्षित बाल गृह और महिला शरणालय

## स्टेट डाटा मैनेजमेंट सेंटर से पूरे प्रदेश की संस्थाओं पर रियल-टाइम नजर

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में महिला और बाल सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता पर है। महिला कल्याण विभाग के अंतर्गत प्रदेशभर के बाल गृहों और महिला शरणालयों की चौबीस घंटे सीसीटीवी निगरानी के लिए अत्याधुनिक स्टेट डाटा मैनेजमेंट सेंटर के संचालन को और अधिक प्रभावी और तकनीक सक्षम बनाया गया है। लखनऊ में यह सेंटर अप्रैल 2025 से महिला कल्याण निगम, बंगला बाजार स्थित भवन में निरंतर कार्यरत है और पूरे प्रदेश की संस्थागत व्यवस्थाओं पर चौबीसों घंटे नजर रख रहा है। यह पहल केवल निगरानी तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा, गरिमा, देख-रेख और अधिकारों की रक्षा की दिशा में सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति को जमीन पर उतारने का ठोस उदाहरण है। तकनीक के सहारे पारदर्शिता और जवाबदेही को संस्थागत ढांचे का अभिन्न हिस्सा बनाया गया है।

### अनियमितता पर त्वरित कार्रवाई

एसडीएमसी के माध्यम से यदि किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता या मानकों के उल्लंघन की स्थिति सामने आती है, तो संबंधित अधिकारियों को तत्काल सूचना दी जाती है। इससे समयबद्ध सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित हो रही है और जवाबदेही तय की जा रही है। महिला कल्याण विभाग की यह पहल उत्तर प्रदेश को महिला और बाल संरक्षण के क्षेत्र में एक नई मिसाल बना रही है। तकनीक, संवेदनशीलता और सख्त निगरानी का यह मॉडल न केवल सुरक्षा को मजबूत करता है, बल्कि यह संदेश भी देता है कि प्रदेश में बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं होगा। यह व्यवस्था आने वाले समय में सुशासन और मानवीय प्रशासन की पहचान बनने की पूरी क्षमता रखती है।

प्रदेश में महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित 60 बाल गृहों और 10 महिला शरणालयों, यानी कुल 70 संस्थाओं में सीसीटीवी कैमरे लगाए जा चुके हैं। इन कैमरों के माध्यम से न केवल गतिविधियों की निगरानी हो रही है, बल्कि हर स्तर पर व्यवस्थाओं की गुणवत्ता भी परखी जा रही है। निगरानी को और प्रभावी बनाने के लिए मंडल और जिला स्तर पर भी मॉनिटरिंग सिस्टम स्थापित किया गया है। 17 मंडलों के सापेक्ष 15 मंडलीय कार्यालयों में और 31 जनपदों के सापेक्ष 28 जनपदीय कार्यालयों में मॉनिटरिंग डिस्प्ले लगाए जा चुके हैं। शेष 2 मंडल (चित्रकूट, अयोध्या) और 3 जनपद (चित्रकूट, अयोध्या, सहारनपुर) में यह कार्य प्रक्रियाधीन है, जिसे एक सप्ताह के भीतर पूर्ण कर लिया जाएगा। इससे मंडल और जिला स्तर के अधिकारी भी संस्थाओं की स्थिति का प्रत्यक्ष और त्वरित अवलोकन कर सकेंगे।

मुख्यालय स्थित एसडीएमसी अत्याधुनिक तकनीकी सुविधाओं से सुसज्जित है। यहां 6 प्रशिक्षित कर्मियों की तैनाती की गई है, जो 3 शिफ्टों में 24 घंटे कार्य करते हुए यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि किसी भी समय निगरानी व्यवस्था बाधित न हो।

# नव प्रोन्नत 3 आरटीओ और 18 एआरटीओ को मिली तैनाती

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** परिवहन विभाग ने नव प्रोन्नत 3 आरटीओ व 18 एआरटीओ को नई तैनाती प्रदान कर दी है। आलोक कुमार यादव को लखनऊ के सहायक संभागीय अधिकारी (एआरटीओ, प्रवर्तन) पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। परिवहन मंत्री की अनुमति प्राप्त कर शासन ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। विशेष सचिव परिवहन खेमपाल सिंह की ओर से जारी आदेश के अनुसार संभागीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ प्रशासन) राघवेंद्र सिंह को वाराणसी, मनोज कुमार सिंह को आरटीओ प्रशासन सहारनपुर व अम्बरीश कुमार को आरटीओ प्रवर्तन मेरठ बनाया गया है। केपी सिंह ने नव प्रोन्नत अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से नई तैनाती पर पहुंचने के निदेश दिए हैं। नए आदेशों के अनुसार आलोक कुमार यादव के अतिरिक्त चंपा लाल को सिद्धार्थनगर का एआरटीओ प्रशासन, अशोक कुमार श्रीवास्तव को गाजियाबाद का, कौशल कुमार सिंह को सोनभद्र, मानवेंद्र प्रताप सिंह को सहारनपुर, विनय कुमार सिंह को आगरा, कृष्ण कुमार यादव को फरुखाबाद का एआरटीओ प्रशासन बनाया गया है। वहीं हरिओम को बदायूं, वैभव सोती को बरेली, सतेंद्र कुमार यादव को मथुरा, विंध्याचल कुमार गुप्ता को कानपुर, उमेश चंद्र कटियार को रायबरेली, गुलाब चंद्र को अयोध्या, विपिन कुमार को बागपत, हरिओम को शाहजहांपुर, प्रतीक मिश्र को फतेहपुर, नीतू शर्मा को बुलंदशहर का एआरटीओ प्रवर्तन बनाया गया है। जबकि देवदत्त कुमार को मेरठ का एआरटीओ प्राविधिक बनाया गया है। परिवहन मंत्री ने नव प्रोन्नत अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आप सभी अपनी पूर्ण ऊर्जा एवं क्षमता के साथ अपने नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करे। पूरे मनोयोग के साथ कार्य करें, जिससे कि विभाग की छवि बेहतर हो और जनता को परिवहन सेवाओं का लाभ आसानी से मुहैया कराई जा सके।

# महानगर कल्याण मंडप में अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** महानगर कल्याण मंडप में भारत रत्न से सम्मानित, पूर्व प्रधानमंत्री पंडित अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी समारोह के अवसर पर अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम गरीब कल्याण और सुशासन के प्रतीक, युगद्दष्टा नेता अटल जी की स्मृतियों को नमन करते हुए आयोजित किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता महापौर सुषमा खर्कवाल ने की।




कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन राष्ट्र सेवा, लोकतांत्रिक मूल्यों और मानवीय संवेदनाओं का अद्भुत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि अटल जी ने राजनीति को शुचिता, संवाद और सहमति की नई दिशा दी तथा देश को मजबूत नेतृत्व प्रदान किया।

महापौर सुषमा खर्कवाल ने अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में कहा कि अटल केवल एक राजनेता ही नहीं, बल्कि कवि, विचारक और राष्ट्रनायक थे। उनके द्वारा स्थापित सुशासन, सामाजिक समरसता और विकास की सोच आज भी देश को मार्गदर्शन दे रही है। उन्होंने कहा कि नगर निगम परिवार अटल जी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सतत प्रयास करता रहेगा। सम्मेलन में भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम प्रभारी अमित गुप्ता, सहप्रभारी घनश्याम अग्रवाल गुड्डा, नगर निगम कार्यकारिणी की उपाध्यक्ष चरनजीत गांधी, उपनेता पार्षद दल सुशील तिवारी पम्मी सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सदस्य कार्यकारिणी व पार्षदगण भृगुनाथ शुक्ला, राजेश सिंह गब्बर, अरुण राय, पृथ्वी गुप्ता, गौरी सांवरिया सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता की।

इसके अतिरिक्त महिला मोर्चा की अध्यक्ष सीता नेगी, भाजपा वरिष्ठ नेता सविता सिंह, वरिष्ठ समाजसेवी जितेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष रमन निगम, युवा नेता आकाश सिंह सहित पार्टी के विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारी, महिला मोर्चा की सदस्याएं एवं अन्य गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मंच संचालन पार्षद रंजीत सिंह ने किया।

वक्ताओं ने अटल के राष्ट्र निर्माण में अतुलनीय योगदान, उनकी दूरदर्शी नीतियों, सर्वसमावेशी विकास की सोच और लोकतंत्र के प्रति उनकी अटूट निष्ठा पर विस्तार से प्रकाश डाला। सभी ने एक स्वर में कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी के विचार और आदर्श आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत बने रहेंगे।

# ग्रीन कॉरिडोर के दो स्थानों पर लगने लगा जाम

**लखनऊ।** शहर के लोगों को जाम से निजात दिलाने के लिए बसंतकुंज से शहीद पथ तक निमार्णाधीन ग्रीन कॉरिडोर पर दो स्थानों पर जाम लगने लगा है। भविष्य में एक और स्थान पर जाम लगने की आंशका है। इन स्थानों पर ट्रैफिक पुलिस ने वाहनों के दबाव के अनुसार डिजाइन में परिवर्तन का अनुरोध एलडीए से किया है। इस मामले में मंडलायुक्त ने भी दोनों विभागों को आपस में समन्वय बनाते हुए उचित कदम उठाने को कहा है। ट्रैफिक पुलिस के अनुसार डालीगंज चौराहे के पास जहां ग्रीन कॉरिडोर का रैंप उतर रहा है, वहां स्थान कुछ संकुचित है। यहां पर अभी से जाम की स्थिति बन रही है। भविष्य में वाहनों का दबाव जब और बढ़ेगा तो जाम की समस्या भी बढ़ेगी। हनुमान सेतु पर निमार्णाधीन चौराहा परिवर्तन चौक की तरफ से आने वाली सड़क की तरफ कुछ बड़ा है, जिससे सड़क की चौड़ाई कम हो गई है। जिसके कारण जब भी परिवर्तन चौकी तरफ से काफी संख्या में वाहनों का आना शुरू होता है तो वाहन फंसने लगते हैं। ट्रैफिक पुलिस के अनुसार ग्रीन कॉरिडोर जब पूरी तरह से शुरू हो जाएगा तब शहीद पथ की तरफ जाने वाला सारा ट्रैफिक समता मूलक चौक के पास उतरेगा। वहां का चौराहा इधर से जाने वाले ट्रैफिक के लिहाज से संकरा है। यहां भी भविष्य में जाम की समस्या आ सकती है। सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में भी उठा था मुद्दा ट्रैफिक पुलिस ने मंगलवार को मंडलायुक्त की अध्यक्षता में हुई मंडलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में भी इस मुद्दे को उठाया था। अनुरोध किया था कि ट्रैफिक दबाव संबंधित मार्गों पर अभी कितना है और कितने वाहन रोजाना गुजर रहे हैं। इसके साथ ही भविष्य में वाहन कितना बढ़ सकते हैं, के आंकड़ों के साथ सुधार किया जाए तो यातायात की दृष्टि से बेहतर होगा।

# ग्राम चौपाल में निपटी समस्याओं का आंकड़ा पहुंचा 6 लाख पार

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देश पर हर शुक्रवार को लगने वाली ग्राम चौपालों में अब तक निपटी कुल समस्याओं का आंकड़ा छह लाख के पार हो गया है। हर शुक्रवार को प्रत्येक विकास खंड की दो ग्राम पंचायतों में चौपाल लगाई जाती है।

# राजीव नगर घुसियाना में पड़ोसियों ने युवक को मारपीट कर किया लहूलुहान

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के तेलीबाग पुलिस चौकी अंतर्गत राजीव नगर घोसियाना में एक युवक के साथ शराब के नशे में मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि पहले पड़ोसी युवक से कहासुनी के बाद उसके पिता ने नशे की हालत में पीड़ित पर हमला किया, और बाद में आरोपी के परिजन भी एकजुट होकर मारपीट करने लगे। गंभीर हालत में किसी तरह जान बचाकर भागे पीड़ित ने पीजीआई कोतवाली पुलिस को नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित सिद्धार्थ शर्मा, पुत्र महेश शर्मा, निवासी 592 क/396/6, राजीव नगर घोसियाना, तेलीबाग, लखनऊ के अनुसार, शनिवार को उनके पड़ोस में



रहने वाले युवक राजू से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इसी दौरान राजू के पिता, जो कथित तौर पर शराब के नशे में थे, मौके पर पहुंचे और सिद्धार्थ के साथ जमकर मारपीट की, जिससे वह लहूलुहान हो गए। पीड़ित का आरोप है कि जब उन्होंने शोर मचाया तो बीच-बचाव के लिए उनकी बहन मौके पर पहुंचीं, लेकिन आरोपी पक्ष के अन्य परिजन भी वहां आ गए और सभी ने मिलकर न केवल पीड़ित बल्कि उनकी बहन के साथ भी मारपीट की। घटना के बाद किसी तरह जान बचाकर पीड़ित वहां से निकले और पीजीआई कोतवाली पहुंचकर एक नामजद व अन्य अज्ञात आरोपियों के खिलाफ लिखित तहरीर दी। पुलिस ने पीड़ित का मेडिकल परीक्षण कराते हुए संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीजीआई कोतवाली पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# तेज रफ्तार लोडर डाले की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल, रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में बीते दिनों तेज रफ्तार लोडर डाले की टक्कर से घायल हुए बाइक सवार दो युवकों के मामले में एक युवक की मां ने सरोजनी नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्नाव जनपद के औरास थाना अंतर्गत भटपुरवा निवासी धनदेवी के मुताबिक उनका बेटा बलवंत यादव और दामाद रोहित शर्मा बीती 26 दिसंबर को बाइक से रात करीब 9:40 बजे सरोजनी नगर के बेहटवा से अपने घर उन्नाव के औरास स्थित गुलाब खेड़ा जा रहे थे। इसी दौरान अमौसी रेलवे स्टेशन की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे लोडर डाला (यूपी32 जेएन 5246) ने अनियंत्रित होकर नादरगंज - अमौसी रेलवे स्टेशन रोड पर उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चला रहे बलवंत यादव के बाएं पैर में फ्रैक्चर और सिर में गंभीर चोट आई, जबकि रोहित शर्मा का हाथ टूट गया। राहगीरों की सूचना पर 108 एंबुलेंस से दोनों घायलों को लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से बलवंत को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। बाद में हालत बिगड़ने पर उन्हें सण्डीला स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। फिलहाल पुलिस ने महिला धन देवी की तहरीर पर मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# दोना क्रिकेट लीग- 4 का प्रदेश मंत्री ने फीता काट किया उद्घाटन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। काकोरी क्षेत्र के दोना गांव में आयोजित ह्लदोना क्रिकेट लीगझ्र4ह्व का भव्य शुभारंभ रविवार को हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री शिवेंद्र प्रताप शाही एवं खुशहालगंज युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीणों और खेल प्रेमियों की मौजूदगी रही। इस अवसर पर युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री शिवेंद्र प्रताप शाही ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने मैदान पर मौजूद रहकर मैच का आनंद लिया तथा युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित किया। शिवेंद्र प्रताप



शाही ने अपने संबोधन में कहा कि खेल का मैदान जीवन की सबसे बड़ी पाठशाला होता है, जहां से अनुशासन, टीम भावना, आत्मविश्वास और चरित्र निर्माण जैसे गुण विकसित होते हैं। खेल युवाओं को न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ बनाता है, बल्कि मानसिक मजबूती भी प्रदान करता है। धर्मेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर इस प्रकार की क्रिकेट लीग युवाओं की प्रतिभा को निखारने का सशक्त माध्यम है और इससे सकारात्मक प्रतिस्पर्धा का माहौल बनता है। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान कमलेश गौतम, पिंटू लोधी, मो. हारून, मो. अकर्म, रवि सिंह, शानू सिंह, विशाल यादव सहित सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। आयोजन को लेकर गांव में खासा उत्साह देखने को मिला।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/ इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/ लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण नीचे निम्नवत् है :– (1) ई–निविदा संख्या: NER-LJN-2026-01, कार्य का नाम : लखनऊ मंडल :– 10 विभिन्न स्टेशनों पर पी.पी. शेल्टर का विस्तार/ प्रावधान। (डोमिनगढ़–04बे, कैम्पियरगंज–04 बे, मानिराम–02 बे सहजनवां–02 बे, बभनान–02 बे, बरूआचक–01 बे, गोण्डा कचहरी–01 बे, शोहरतगढ़–02 बे, झारखंडी–02 बे कुल –20 बे।), अनुमानित लागत (रू) : 29151174.46, अग्रिम धन (रू) : 295800.00, समापन अवधि – 09 माह। 1. उपरोक्त ई–निविदा संख्या NER-LJN-2026-01 के लिये ई–निविदा दिनांक 28.01.2026 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई–निविदा खोली जायेंगी। 2. उपरोक्त ई–निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम् अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई–निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाईट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग,**

मुजाधि/डब्ल्यू–398 **पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ**

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।


# संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर लोडर चालक ने किया आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में बीती रात एक अधेड़ लोडर चालक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतारा और कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बंथरा के खसरवारा गांव निवासी बाल गोविंद रावत (50) टेंपो डाला चलाकर परिवार का पालन-पोषण करते थे। गांव में बाल गोविंद के दो मकान हैं। एक मकान में उनकी पत्नी फूलमती, दो विवाहित बेटे लव कुश और राहुल रहते हैं। जबकि करीब डेढ़ सौ मीटर दूर दूसरे मकान में बाल गोविंद अकेले रहते थे। करीब पांच माह पहले बाल गोविंद ने अपना टेंपो डाला बेचकर बेटे लव कुश के लिए एक ऑटो खरीदा था। बताते हैं कि



लव कुश रोज ऑटो चलाकर रात में उसे पिता के मकान पर खड़ा करता था। शुक्रवार रात करीब नौ बजे लवकुश रोज की तरह पिता को खाना देने गया और वापस अपने घर लौट आया। शनिवार सुबह जब लवकुश ऑटो निकालने पहुंचा तो बाल गोविंद के कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला। लव कुश ने कई बार आवाज लगाई, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। तब लवकुश ने खिड़की से झांक कर देखा तो बाल गोविंद पंखे के हुक से मफलर के सहारे मृत लटके नजर आए। इसके बाद आनन-फानन इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतारा। पुलिस जांच के दौरान कमरे के अन्दर टिफिन में खाना रखा मिला, जिसमें से कुछ खाना खाया गया था। टिफिन के पास शराब की एक बोतल भी रखी मिली। इससे आशंका जताई जा रही है कि शराब के नशे की हालत में उन्होंने यह कदम उठाया होगा। मृतक के परिवार में पत्नी के अलावा दो विवाहित बेटे और एक विवाहित बेटी हैं। आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस का कहना है कि मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट व परिजनों से पूछताछ के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पीजीआई क्षेत्र में तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर, महिला चालक पर नशे में होने का आरोप

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। पीजीआई थाना क्षेत्र के वृंदावन योजना सेक्टर-8 स्थित शहीद पथ के नीचे बनी सर्विस रोड पर 25 दिसंबर की रात एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित ने कार चला रही महिला पर नशे की हालत में वाहन चलाने का आरोप लगाया है। पीड़ित मनु प्रताप सिंह के अनुसार, वह 25 दिसंबर की रात करीब 9 से 10 बजे के बीच अपने कार्यालय से घर लौट रहे थे। वह अपनी पल्सर मोटरसाइकिल (पंजीयन संख्या UP-32 MU-0830) से नियंत्रित गति में सर्विस रोड पर चल रहे थे। इसी दौरान पीजीआई की ओर से आ रही ग्रे रंग की कार (पंजीयन संख्या UP-21 BA-9100) ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी बाइक में टक्कर मार




दी। टक्कर इतनी तेज थी कि मनु बाइक समेत सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद कार में सवार महिला चालक समेत दो पुरुष और एक अन्य महिला नीचे उतरे और कथित तौर पर गाली-गलौज करने लगे। पीड़ित का आरोप है कि कार में सवार सभी लोग शराब के नशे में थे। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर स्थिति को संभाला। चौराहा होने के कारण कुछ ही देर में पुलिस मौके पर पहुंच गई। घायल युवक को तत्काल पीजीआई ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया, जबकि क्षतिग्रस्त बाइक को पुलिस चौकी ले जाया गया। पीड़ित का आरोप है कि पुलिस पूछताछ के दौरान महिला चालक ने स्वयं को डॉक्टर बताते हुए इलाज का आश्वासन दिया। कार पर ह्यजजह्व लिखा होने पर महिला ने यह भी दावा किया कि उसके पिता रिटायर्ड जज हैं। पीड़ित का कहना है कि इसके बाद पुलिस प्रभाव में आ गई और कार तथा उसमें सवार सभी लोगों को मौके से जाने दिया गया। बाद में वाहन नंबर की जांच करने पर पता चला कि उक्त कार मुरादाबाद निवासी राम करन सरोज के नाम पंजीकृत है। ट्रामा सेंटर में डॉक्टरों ने बताया कि पीड़ित की हड्डी दो स्थानों से टूटी है और ऑपरेशन आवश्यक है, जिस पर लाखों रुपये का खर्च आ सकता है। गंभीर चोटों के कारण चलने-फिरने में असमर्थ पीड़ित ने अपने भाई मयंक प्रताप सिंह के माध्यम से थाना पीजीआई में लिखित तहरीर भेजकर मुकदमा दर्ज करने और उचित कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के साथ अस्पताल की पर्ची और वाहन की तस्वीरें भी संलग्न की गई हैं। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## ब्रम्हमुहूर्त में श्रद्धालुओं ने गंगा नदी में लगाई आस्था की डुबकी

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। पौष पूर्णिमा के अवसर पर शनिवार को कड़ाके की ठंड के बावजूद स्थानीय गंगा तट पर श्रद्धालुओं ने ब्रम्हमुहूर्त से डुबकी लगाना शुरू कर दिया था।स्नान करने के बाद गंगा माता की आरती पूजन करने के बाद मौके पर मौजूद तीर्थपुरोहितो को दान दक्षिणा दी।इस बीच गंगा तट पर हर हर गंगे ,हर हर महादेव के उधगोष से घाट गुंजायमान रहा। श्रद्धालुओं के जत्थों ने सुबह ब्रम्हमुहूर्त में स्नान किया।श्रद्धालुओं ने वापस जाते समय बाबा बलखंडेश्वर मंदिर ,जानकी कुण्ड आश्रम के मंदिरों में जलाभिषेक किया। गंगा तट पर स्नान की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के सफीपुर थानाध्यक्ष सुब्रत नारायण त्रिपाठी मौजूद रहे वह स्नानार्थियों से सावधानी पूर्वक स्नान करने का आग्रह करते रहे।

## दबंगो ने युवक के साथ की मारपीट, दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव।बिहार थाना क्षेत्र के गांव जपसरा निवासी संतोष कुमार पुत्र राम प्रसाद ने थाने में तहरीर देकर गांव के ही दो लोगों पर मारपीट गाली गलौज धमकी का आरोप लगाया है।संतोष कुमार ने तहरीर में आरोप लगाया कि गांव के निवासी अरविंद पुत्र रामनाथ, शिव शंकर पुत्र जटाधारी जमीनी विवाद को लेकर खुन्नस मानते हैं 27 दिसंबर को दोनों ने योजना बनाकर मेरे साथ मारपीट की। राहुल सिंह ने बताया कि संतोष की तहरीर पर दोनों लोगों के विरुद्ध मारपीट गाली गलौज धमकी का केस दर्ज कर लिया गया है।

# स्मृति शेष ठाकुर वंश बहादुर सिंह की तृतीय पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि

अमन लेखनी समाचार

मौरावां, उन्नाव। क्षेत्र के लच्छीखेडा गांव में स्मृति शेष ठाकुर वंश बहादुर सिंह की तृतीय पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे आचार्य, शिक्षक, समाजसेवी व पत्रकारों का सम्मान समारोह एवं विशाल भण्डारे के साथ रात्रि में जवाबी कीर्तन का आयोजन जिसमें मशहूर कीर्तन कारा

क्रांतिमाला कानपुर व रंजीत राज प्रयागराज के बीच सारी रात मुकाबला होंगा इस समारोह कार्यक्रम के आयोजक,, पुष्प राज सिंह ऋतुराज सिंह संजय सिंह धनंजय सिंह ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय विधायक अनिल सिंह का माल्यार्पण कर अंग वस्त्र व प्रतिमा भेंट कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते



हुए विधायक अनिल सिंह ने ठाकुर वंस बहादुर सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा ऐसा आयोजन अपने आप में एक मिशाल है उन्होंने चारों भाइयों की खूब प्रशंसा किया विकास कार्यों पर बोलते हुए कहा आज मवई समेत सभी गांवों में बिजली पहुंच गयी जहां कही अगर नहीं पहुंची तो बहुत जल्द पहुंच जायेंगी और हर घर पानी पहुंचाया जायेगा साथ अपना प्रधान बनाने की मांग किया । और जिससे विकास और तेज होंगा

सम्मानित होने वाले पत्रकारों मे विनोद दीक्षित, रामराज सिंह, दिनेश शाहू, रामबाबू लोधी, मदन चौरसिया, सुनील मिश्रा, वीरेन्द्र शुक्ला, संजय पाल, राजेश पाण्डेय, गौरी सिंह, साहित्य शुक्ला , विनीत अवस्थी, अचल तिवारी आदि शामिल रहे।तथा आचार्य व शिक्षकों व समाजसेवियो मे टी .एन .दीक्षित, शिवकंठ त्रिपाठी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ह्रदय नारायण बाजपेई, रामनरेश रावत, शीतलदीन, भगवान कुमार अवस्थी,सिंह, राम बाबू शुक्ला, समाज सेवी संजय त्रिपाठी, सुबेदार गोस्वामी, भाजपा जिला मंत्री डा रजनीश वर्मा, जिला कार्यालय प्रभारी संदीप शुक्ला, भाजपा नेता विनोद लोधी, मोहन सिंह ,काका, ब्रजेश शुक्ला,सहित शिक्षक ,आचार्यो समाजसेवियों सम्भ्रांत व्यक्तियों को भी प्रतीक चिन्ह,अंग वस्त्र पेन डायरी व माला पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन भगवान कुमार अवस्थी ने किया।

## फैक्ट्री के अंदर गैस सिलेंडर फटा, झुलसा मजदूर

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।सदर कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित रिमझिम फैक्ट्री में शुक्रवार रात गैस सिलेंडर फटने से हड़कंप मच गया। इस हादसे में फैक्ट्री में कार्यरत एक मजदूर गंभीर रूप से झुलस गया। घायल मजदूर की पहचान शिवकुमार तिवारी पुत्र चंद्रकांत तिवारी के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, फैक्ट्री में सामान्य रूप से काम चल रहा था, तभी अचानक गैस सिलेंडर में विस्फोट हो गया। विस्फोट की तेज आवाज से आसपास के लोग सहम गए। आग की लपटों की चपेट में आकर शिवकुमार तिवारी गंभीर रूप से झुलस गए। घटना के बाद अन्य कर्मचारियों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया और घायल मजदूर को बाहर निकाला। हादसे की सूचना मिलते ही फैक्ट्री प्रबंधन ने तत्काल घायल मजदूर को इलाज के लिए उन्नाव जिला अस्पताल पहुंचाया। जिला अस्पताल की इमरजेंसी में डॉक्टरों की टीम ने उनका प्राथमिक उपचार शुरू किया।इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर आशीष सिंह ने बताया कि मजदूर के शरीर का कुछ हिस्सा झुलस गया है।उनकी स्थिति फिलहाल स्थिर है और उन्हें निगरानी में रखा गया है। घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को भी दी गई।पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है ताकि गैस सिलेंडर फटने के कारणों का पता चल सके।प्रारंभिक जांच में सिलेंडर में लीकेज या तकनीकी खामी की आशंका जताई जा रही है, हालांकि वास्तविक कारण जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।इस हादसे के बाद फैक्ट्री में काम करने वाले अन्य मजदूरों में दहशत का माहौल है।मजदूरों ने सुरक्षा इंतजामों को लेकर सवाल उठाए हैं और मांग की है कि फैक्ट्री में गैस सिलेंडर व अन्य उपकरणों की समय-समय पर जांच होनी चाहिए ताकि ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। घायल मजदूर शिवकुमार तिवारी का जिला अस्पताल में उपचार जारी है।

## जीजा ने अपने सालों पर मारपीट करने का लगाया आरोप

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव।बिहार थाना क्षेत्र के कल्याणपुर प्रथम निवासी दुर्गेश कुमार पुत्र दिवाकर शुक्ला ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर अपने सालों तथा दो अन्य लोगों के ऊपर घर में आकर गाली गलौज मारपीट धमकी देने का केस दर्ज कराया है। दुर्गेश कुमार ने थाने में प्रार्थना पत्र लेकर आरोप लगाया कि उसके साले लक्ष्मी चंद्र दीक्षित ,मोनू दीक्षित पुत्र ओमप्रकाश निवासी भाटमऊ अपने साथी बड़ेलाल पुत्र सिद्धिनाथ निवासी भाटमऊ थाना पुरवा तथा रामगोपाल तिवारी पुत्र देवी प्रसाद तिवारी निवासी गौरी थाना बीघापुर को लेकर मेरे घर आए मुझे आवाज देकर घर से बाहर बुलाया। मेरे दोनों साले खुन्नस मानते हैं । मेरी पत्नी जैसे ही दरवाजा खोला तो सालों ने पत्नी के साथ मारपीट करने लगे ।पत्नी की चीख सुनकर बाहर निकला तो दोनों साले व उनके साथी मेरे साथ भी मारपीट की। मेरे चिल्लाने पर गांव के लोगों के आने पर उपरोक्त चारों लोग गाली गलौज, जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले ।

## टाटा सफारी कार व बाइक सवार की टक्कर, तीन घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। शुक्रवार देर रात गंगाघाट-चिलौला मार्ग पर एक भीषण सड़क हादसा हो गया। ग्राम पासिनखेड़ा के पास एक टाटा सफारी कार और अपाचे मोटरसाइकिल की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर के बाद टाटा सफारी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में जा गिरी और उसमें आग लग गई। हादसे में घायल मोटरसाइकिल सवारों की पहचान संजय रावत (20) पुत्र होरीलाल, राजपूत सोनकर (18) पुत्र राजू सोनकर और संजय सोनकर (16) पुत्र सुनील के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि तीनों युवक एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर कहीं जा रहे थे।टक्कर इतनी जोरदार थी कि मोटरसाइकिल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और तीनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर के तुरंत बाद टाटा सफारी कार सड़क से फिसलकर खाई में जा गिरी, जहां उसमें अचानक आग लग गई।कार में सवार सभी लोग समय रहते बाहर निकलने में सफल रहे, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। कार सवार सभी लोग सुरक्षित बताए जा रहे हैं। कुछ ही पलों में कार आग की लपटों में घिर गई और पूरी तरह जलकर खाक हो गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना कोतवाली सदर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल जिला अस्पताल उन्नाव भिजवाया। जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद संजय रावत की गंभीर हालत को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए कानपुर नगर के हैलेट अस्पताल रेफर कर दिया गया। अन्य दो घायलों का उपचार जिला अस्पताल में जारी है। कार में लगी आग की सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। पुलिस और दमकल विभाग की तत्परता से आग को आसपास के क्षेत्र में फैलने से रोका जा सका।

## रजबहा की नहीं हुई साफ सफाई , किसानों की बढ़ी चिंता

अमन लेखनी समाचार

पाटन, उन्नाव।बीघापुर माइनर से निकलने वाली पाटन-सुमेरपुर रजबहा की समय पर सफाई न होने से क्षेत्र के किसानों की चिंताएं बढ़ गई हैं।नहर में लंबे समय से सिल्ट, खरपतवार और झाड़ियां जमा होने के कारण पानी का बहाव बाधित हो रहा है।इस स्थिति के चलते कई स्थानों पर नहर के कटने का खतरा पैदा हो गया है।हालात इतने गंभीर हैं कि कुछ जगहों पर किसानों ने स्वयं ही कटी हुई नहर को बांधने का काम शुरू कर दिया है। किसानों का कहना है कि हर वर्ष रबी और खरीफ की फसलों से पहले नहरों की सफाई कराई जाती है, ताकि सिंचाई के लिए पानी सुचारू रूप से खेतों तक पहुंच सके। हालांकि, इस बार पाटन-सुमेरपुर रजबहा की सफाई नहीं की गई। नहर में पानी छोड़े जाने के बाद कई जगहों पर कटाव होने लगा और पानी खेतों में फैल गया, जिससे फसलों के प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। क्षेत्र के किसानों ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों पर लापरवाही का



आरोप लगाया है।उनका कहना है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद नहर की सफाई को लेकर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। किसानों के अनुसार, यदि समय रहते नहर की सफाई कराई जाती तो यह स्थिति उत्पन्न नहीं होती।अब सैकड़ों किसान अपनी फसलों और खेतों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।किसानों ने बताया कि नहर के किनारे कमजोर हो चुके हैं और किसी भी समय बड़ा कटान हो सकता है।इससे न केवल फसलों को नुकसान होगा, बल्कि खेतों की मेड़ और आसपास की जमीन भी बर्बाद हो सकती है। मजबूरी में किसान आपस में चंदा जुटाकर और श्रमदान करके नहर को अस्थायी रूप से बांधने का प्रयास कर रहे हैं, ताकि पानी को नियंत्रित किया जा सके। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि नहर की सफाई और मरम्मत की जिम्मेदारी सिंचाई विभाग की है, लेकिन विभागीय उदासीनता के कारण किसानों को खुद ही यह कार्य करना पड़ रहा है।किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही नहर की सफाई और मरम्मत का कार्य शुरू नहीं किया गया, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## उमराह के लिए मक्का-मदीना रवाना होने वाले जायरीनों को दी मुबारकबाद



अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के विभिन्न मोहल्लों और आसपास के क्षेत्रों से उमराह के मुकद्दस सफर पर जाने वाले जायरीनों का जत्था रवाना होगा।इस अवसर पर कस्बे के लोगों और रिश्तेदारों ने जायरीनों को फूल-मालाएं पहनाकर और दुआएं देकर मुबारकबाद दी। सऊदी अरब स्थित मक्का मुकर्रमा और मदीना मुनव्वरा की जियारत के लिए रवाना होने वाले जायरीनों के चेहरे पर जहां एक ओर खुशी की लहर थी, वहीं उनको मुबारकबाद देने वालों का तांता लगा रहा। नगर पालिका परिषद बांगरमऊ के पूर्व चेयरमैन इजहार खां ₹गुडडू₹ समाजसेवी हाजी लईक व फजलुर्रहमान सहित तमाम गणमान्य नागरिकों ने उमराह पर जाने वाले डॉ हाजी जाकिर अली, मुशीर खां, पप्पू खां, सहित तमाम जायरीनों को मुबारकबाद पेश की। जायरीनों ने रवानगी से पहले कहा कि वे वहां पहुंचकर अल्लाह के घर (काबा) में अपने मुल्क में अमन-चैन, तरक्की, खुशहाली और आपसी भाईचारे के लिए खास दुआ करेंगे। लोगों ने उनसे गुजारिश की कि वे हरम शरीफ में उनके लिए भी मगफिरत की दुआएं मांगें।

## महिला पर हमला कर बाइक सवार उठा ले गए बकरा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के जमालपुर मढ़ी में दिन दहाड़े गांव के बाहर बकरी लेकर जा रही महिला से सड़क किनारे घात लगाकर खड़े बाइक सवार तीन युवकों ने महिला के सर और हाथ पर धारनुमा हथियार से हमला कर एक बकरा उठाकर फरार हो गए।सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है।

अजगैन कोतवाली क्षेत्र के जमालपुर मढ़ी गांव निवासी उर्मिला पत्नी रजनीश शनिवार दोपहर बेटा ऋतिक (6)बेटी रितिका (5) के साथ घर से बकरी लेकर गांव के बाहर नरसिंह बाबा मंदिर गेट के पास पहुंची थी तभी सड़क किनारे पहले से घात लगाकर खड़े एक बाइक सवार तीन युवकों ने बकरी के झुंड से एक बकरा उठाकर बाइक से ले जाने लगे।जिसके बाद महिला अपने छोटे बच्चों के साथ बाइक सवारों से विरोध और छीना झपटी करने लगी जिसके बाद बाइक सवारों ने धारनुमा हथियार से महिला के सर और हाथों पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर बकरा उठाकर फरार हो गए।सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस ने घायल महिला को नवाबगंज सीएचसी लेकर गई है।घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है।अजगैन कोतवाली प्रभारी सुरेश कुमार सिंह ने बताया पीआरवी की सूचना पर मौके पर पहुंचकर जांच की जा रही है।जांच के बाद विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## महिला ने पुरुष मित्र के साथ घर में घुसकर की तोड़फोड़, मचाया उत्पात

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के आदर्श नगर में देर रात एक महिला और उसके पुरुष मित्र द्वारा घर में घुसकर उत्पात मचाने का मामला सामने आया है।इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें महिला दरवाजे पर लात मारती और जान से मारने की धमकी देती नजर आ रही है।पीड़ित परिवार ने इस संबंध में सदर कोतवाली और पुलिस अधीक्षक से लिखित शिकायत की है।पीड़ित पक्ष के अनुसार, दबंग महिला की पहचान पूजा अवस्थी के रूप में हुई है, जो देर रात अपने पुरुष मित्र दीपेश जायसवाल के साथ माही सिंह के घर पहुंची थी। आरोप है कि दोनों ने पहले घर के बाहर खड़ी गाड़ियों में तोड़फोड़ की और फिर जबरन घर में घुसने की कोशिश की। इस दौरान घर के लोगों को जान से मारने की धमकी भी दी गई, जिससे पूरे मोहल्ले में दहशत फैल गई।

वायरल वीडियो में महिला को दरवाजे पर लात मारते हुए यह कहते सुना जा सकता है कि ₹ज्यादा से ज्यादा जेल ही जाना पड़ेगा।₹ पीड़ितों का आरोप है कि पूजा अवस्थी खुले आम कानून व्यवस्था को चुनौती देती नजर आई और खुद को कानून से ऊपर बताने की कोशिशकी।घटना के समय घर में मौजूद लोग काफी भयभीत हो गए और किसी तरह अपनी जान बचाई पीड़ित परिवार का कहना है कि यह पहली बार नहीं है जब उक्त महिला और उसके सहयोगी द्वारा इस तरह की हरकत की गई हो।आरोप है कि घर में घुसने से पहले भी महिला और उसके साथी ने जानलेवा हमला करने की कोशिश की थी। घटना के बाद से पीड़ित परिवार डरा हुआ है और सुरक्षा की मांग कर रहा है।बताया जा रहा है कि पूजा अवस्थी और दीपेश जायसवाल इससे पहले एक अस्पताल में गर्भपात से जुड़े मामले में जेल जा चुके हैं और वर्तमान में जमानत पर बाहर हैं। पीड़ितों का आरोप है कि जमानत पर रिहा होने के बाद भी दोनों की दबंगई और आपराधिक गतिविधियां जारी हैंइस पूरे मामले को लेकर सदर कोतवाली पुलिस का कहना है कि पीड़ित परिवार की तहरीर प्राप्त हो गई है।और मामले की जांच की जा रही है। वायरल वीडियो और शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।जांच के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके अनुसार आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## दो पक्षों में चले लाठी डंडे, महिला समेत दो घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।नगर पंचायत अचलगंज के ग्राम साहबखेड़ा में दो पक्षों में लाठी डंडे कुल्हाड़ी चलने से एक महिला समेत दो लोग चोटहिल हुए है घायल युवक के पिता की तहरीर पांच लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज हुई है।जबकि दूसरे पक्ष से घायल हुई महिला की तहरीर पर पुलिस जांच करना बता रही है।चोटहिल पूर्व में जिला बदर रहा है जिसके विरुद्ध मारपीट सहित विभिन्न धाराओं में आठ मामले दर्ज हैं।

साहबखेडा निवासी उमेश कुमार यादव की ओर से दर्ज करायी गयी रिपोर्ट में गाँव के राम प्रसाद, अनुराग शिव मोहन,राकेश व आकाश के विरुद्ध लाठी ,डंडे व कुल्हाड़ी से वार कर उनके पुत्र अनुज को घायल करने का आरोप है। जिसे सीएचसी से रेफर होकर जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है दूसरे पक्ष से रेखा देबी पत्नी राम प्रकाश ने अनुज कुमार उनके भाई संदीप अजीत पुत्र गण उमेश आदि पर आए दिन दिन गाली गलौज छेड़खानी करने के अलावा 2 जनवरी शाम को मारपीट करने का आरोप लगाया है हल्का प्रभारी शिव कुमार पांडेय ने बताया कि चोटहिल पक्ष अनुज की ओर से रिपोर्ट दर्ज कर जांच करना बताया है वहीं दूसरे पक्ष से किसी को चोटहिल नहीं होना बताया है। इसी के परिवार में 3 माह पूर्व पारिवारिक विवाद में पति पत्नी व 2 बच्चों के शव मिले थे।

## शीशम का पेड़ काटने और लात घूंसों से पिटाई करने का बाग मलिक ने लगाया आरोप

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव।ढाबा संचालक ने बगल में स्थित एक किसान के बाग में खड़ा एक कीमती शीशम का पेड़ रात के समय काट डाला।संचालक ने मौके पर पहुंचे बाग मालिक की लात-घूंसों से पिटाई कर उसे जान से मार डालने की धमकी भी दी।कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मुस्तफाबाद निवासी बबलू पुत्र राम गुलाम द्वारा पुलिस को सौंपी गई तहरीर में कहा गया है कि उसका बाग बांगरमऊ - लखनऊ मार्ग पर स्थित पिंकू के ढाबे के निकट स्थित है।बीते शुक्रवार की रात ढाबा संचालक पिंकू और उसके खास आशीष और पुत्तीलाल ने मोटर आरा मशीन के जरिए चोरी से उसके बाग में खड़ा एक कीमती शीशम का पेड़ काट डाला।सूचना मिलते ही बाग मालिक मौके पर जा पहुंचा।तब तीनों ने मिलकर बाग मालिक की लात-घूंसों से पिटाई कर दी और जान से मार डालने की धमकी भी दी।कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अखिलेश चंद्र पांडेय ने बताया कि तहरीर मिली है।जांच में मामला सत्य पाए जाने पर दोषियों के खिलाफ विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## सुप्रसिद्ध सिद्ध पीठ मां चंडिका देवी मंदिर से चोरों ने पार कर दिया रुपया समेत दान पात्र

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बक्सर स्थित सुप्रशिद्ध सिद्ध पीठ माँ चंडिका देवी मंदिर में बीती रात अज्ञात चोरों द्वारा मंदिर के मुख्य गेट में लगे ताले तोड़ दानपात्र में रखे रुपये सहित दानपात्र चुरा ले गए ।सूचना पर पहुँची पुलिस चोरों के सुरागकशी में लग गयी है।

कई जिलों के लोगो के आस्था का प्रतीक माँ चंडिका देवी मंदिर कमेटी के अध्यक्ष मोहित दुबे ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शनिवार शुबह मंदिर कमेटी के ही बचनू उर्फ रमाशंकर व पुजारी गुड्डू उर्फ धर्मेंद्र शुबह जब 5 बजे मंदिर खोलने गए देखा मुख्य द्वार का ताला टूटा पड़ा था। माता जी के पास रखा दानपात्र नही था। माँ चंडिका व माँ अम्बिका की



प्रतिमाओ पर चढ़े आर्टिफिशियल जेवर नीचे पड़े थे। माँ का मुकुट चोर चुरा ले गए। आनन फानन पुलिस को सूचना दिए जाने पर चौकी इंचार्ज राजेन्द्र मिश्रा ने घटना स्थल की जांच पड़ताल की।

माता जी के मंदिर में चोरी की सूचना जैसे ही सोशल मीडिया में वायरल हुई लोगो मे आक्रोश की भावना पनप उठी। सैकड़ो लोग मंदिर में इकट्ठा हो गए।क्षेत्राधिकारी मधुप नाथ मिश्रा थाना बारासगवर प्रभारी धर्मेंद्र नाथ मिश्रा मय दल बल के साथ मंदिर पहुँचे।थोड़ी ही देर मे डॉग स्क्वायड के पहुचने से लोगो मे चोरी का खुलासा होने की उम्मीद जाग उठी। क्षेत्राधिकारी मधुप नाथ मिश्रा ने बताया मंदिर में लगे सी सी टी वी कैमरों व अन्य सूत्रों से जल्द चोरी का खुलासा किया जाएगा।

## पुलिस व एआरटीओ की टीम ने दो स्लीपर बसों को किया सीज

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह के निदेर्शानुसार कोतवाली पुलिस और एआरटीओ की संयुक्त टीम ने डग्गामार वाहनों के खिलाफ अभियान चलाकर अवैध रूप से संचालित दो स्लीपर बसों को सीज कर दिया। पुलिस के अनुसार डग्गामार वाहनों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

कोतवाली पुलिस और एआरटीओ की संयुक्त टीम द्वारा आज शुक्रवार को हरदोई मार्ग पर आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे अंडरपास के निकट अवध ढाबा के पास इशू ट्रैवेल्स और राजरथ की दो स्लीपर बसों की जांच की गई। जांच में दोनों बसों के चालक टीम को वैध परमिट प्रपत्र नहीं प्रस्तुत कर सके।टीम ने दोनों बसों के




खिलाफ विधिक कार्यवाही कर उन्हें सीज कर दिया। टीम का नेतृत्व कर रहे कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अखिलेश चंद्र पांडेय ने बताया कि डग्गामार वाहनों के खिलाफ अभियान चलता रहेगा।

## अनियंत्रित बाइक विद्युत पोल से टकराई, युवक की हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।अजगैन थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में 33 वर्षीय युवक की मौत हो गई।मृतक की पहचान बरुआ गांव निवासी लल्लन पुत्र स्वर्गीय गुरु प्रसाद के रूप में हुई है। यह हादसा सलीमपुर गांव के पास उस समय हुआ जब उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे बिजली के पोल से टकरा गई। जानकारी के अनुसार, लल्लन राज मिस्त्री का काम करता था और रोजी-रोटी के लिए बाहर काम करने जाता था। घटना के दिन वह सिरसा से अपने घर लौट रहा था। उसके साथ गांव के दो दोस्त भी थे, जो अलग बाइक पर चल रहे थे।सलीमपुर के पास अचानक बाइक का संतुलन बिगड़ गया और तेज रफ्तार बाइक सीधे बिजली के पोल से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि लल्लन गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास के लोगों और साथ चल रहे दोस्तों ने उसे तुरंत सड़क से उठाया और अस्पताल ले जाने का प्रयास किया। हालांकि, रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।सूचना मिलने पर अजगैन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।पुलिस ने घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी।लल्लन अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था। उसकी असामयिक मौत से परिवार पर गहरा संकट आ गया है। मृतक की पत्नी धन्नो और पांच छोटे बच्चे हैं, जिनमें दो बेटियां और तीन बेटे शामिल हैं। परिवार की पूरी जिम्मेदारी लल्लन के कंधों पर ही थी, वह मेहनत-मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता था। घटना की खबर बरुआ गांव पहुंचते ही मातम छा गया। परिजन और ग्रामीण मृतक के घर जुट गए। ग्रामीणों ने बताया कि लल्लन बेहद मेहनती और मिलनसार स्वभाव का व्यक्ति था, जो हमेशा अपने परिवार की भलाई के लिए संघर्ष करता रहता था। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया यह हादसा तेज रफ्तार और नियंत्रण खोने के कारण हुआ प्रतीत होता है।

## सम्पादकीय

# खुद को संभाले अमेरिका भारत को नसीहत नहीं दे

दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद जेएनयू के पूर्व छात्र और एक्टिविस्ट उमर खालिद को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक बार फिर हलचल तेज हो गई है। न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी की ओर से खालिद के समर्थन में पत्र लिखे जाने के बाद अब अमेरिका के आठ सांसदों ने भी उसका समर्थन करते हुए भारत सरकार से अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार निष्पक्ष ट्रायल दिलाने की अपील की है। यह पत्र अमेरिका में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा को भेजा गया है। इस पत्र का नेतृत्व हाउस रूल्स कमेटी के रैंकिंग मेंबर और टॉम लैंटोस ह्यूमन राइट्स कमीशन के सह-अध्यक्ष जिम मैकगवर्न ने किया है। वे मैसाचुसेट्स के दूसरे संसदीय क्षेत्र से डेमोक्रेट सांसद भी हैं। उनके साथ 7 अन्य सांसदों ने भी इस पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। इसमें कहा गया है कि खालिद को यूएपीए के तहत 5 साल से बिना जमानत के हिरासत में रखा गया है, जो अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ है। उसकी तुरंत रिहाई सुनिश्चत की जाए और मामले में निष्पक्ष सुनवाई की जाए। बताया जा रहा है कि जिम मैकगवर्न और अन्य सांसदों ने दिसंबर की शुरुआत में उमर खालिद के माता-पिता से मुलाकात की थी। इसके बाद उन्होंने भारत सरकार से इस मामले में हस्तक्षेप की अपील की है। अमेरिकी सांसदों ने खालिद की गिरफ्तारी को धार्मिक स्वतंत्रता से जोड़ा। खालिद का मामला भड़काऊ भाषण और सांप्रदायिक हिंसा से जुड़ा है, इसलिए इस मामले में अमेरिका भारत को नसीहत न दे और खुद को संभाले। देखा जाए तो भारत में अमेरिका की बजाय कानून काफी लचीला है, भारतीय कानून में कॉमन लॉ, प्रथागत कानून और धार्मिक कानून का मिश्रण है, वहीं अमेरिकी कानून मुख्य रूप से अंग्रेजी कॉमन लॉ पर आधारित है। अमेरिका में राष्ट्रपति राष्ट्राध्यक्ष और सरकार का प्रमुख होता है, जबकि भारत में राष्ट्रपति राष्ट्राध्यक्ष और प्रधानमंत्री सरकार का प्रमुख होता है। भारत का कहना है कि खालिद को फरवरी 2020 के भाषणों के माध्यम से सांप्रदायिक हिंसा भड़काने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है और यह एक कानूनी मामला है। इसमें भारतीय कानून के हिसाब से काम चलेगा। अमेरिका को पहले अपने घर को संभालना चाहिए, फिर दूसरों को नसीहत देने की सोचनी चाहिए। भारत एक स्वतंत्र देश है और उसमें अपनी समस्याओं का समाधान खुद निकालने की क्षमता है। अमेरिका को अपने देश में मानवाधिकारों की स्थिति पर ध्यान देना चाहिए, जैसे कि नस्लवाद, बंदूक हिंसा और स्वास्थ्य सेवाओं की कमी। भारत को अपनी समस्याओं का समाधान निकालने के लिए अमेरिका की नसीहत की जरूरत नहीं है। भारत अपनी नीतियों और निर्णयों के लिए स्वतंत्र है और हमेशा अपने देश के हितों को प्राथमिकता दी है और आगे भी देता रहेगा। बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निर्णयों से वैसे भी अमेरिका की छवि विश्वस्तर पर प्रभावित हुई है। इससे पहले ममदानी ने खालिद को लेकर लिखा था, 'मैं अक्सर आपकी कड़वाहट को लेकर कही गई बातों को याद करता हूं और यह सोचता हूं कि उसे खुद पर हावी नहीं होने देना कितना जरूरी है।' बता दें कि हाल ही में दिल्ली की कड़कड़डूमा कोर्ट ने उमर खालिद को बहन की शादी में शामिल होने के लिए अस्थायी रूप से 16 दिसंबर से 29 दिसंबर तक अंतरिम जमानत दी थी। खालिद पर दिल्ली दंगों की साजिश मामले में यूएपीए के तहत चार्जशीट दाखिल की गई है। उसकी नियमित जमानत याचिका फिलहाल सुप्रीम कोर्ट में लंबित है।

## दिवस विशेष

बाल मुकुन्द ओझा



# बॉडी रहेगी फिट तो माइंड भी रहेगा हिट

इंटरनेशनल माइंड बॉडी वेलनेस डे यानि अंतरराष्ट्रीय मन-शरीर कल्याण दिवस हर साल 3 जनवरी को दुनियाभर में मनाया जाता है। आज की भागदौड़ भरी लाइफ स्टाइल में शरीर और मन के बीच सामंजस्य स्थापित करना काफी कठिन हो गया है। ऐसे में ये दिन स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण एक है। इस दिन का इतिहास मशहूर ज्ञानी हिप्पोक्रेट्स से जुड़ा हुआ है। हिप्पोक्रेट्स को प्राकृतिक चिकित्सा के संस्थापक का दर्जा दिया गया है और उनकी की गई खोज आज भी दुनिया भर में मौजूद है और प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है। हिप्पोक्रेट्स का मानना है कि स्वस्थ शरीर से हमें एक स्वस्थ दिमाग की प्राप्ति होती है। शरीर को स्वस्थ और फिट रखने की कोशिशें एक बार फिर परवान पर है। हेल्दी डाइट, एक्सरसाइज, अच्छी नींद आदि आदतें हम रोजाना के जीवन में अपनाएं। शारीरिक गतिविधियां फिट और हेल्दी रहने के लिए जरूरी है कि आप रोजाना फिजिकल एक्टिविटी के लिए समय निकालें और अपनी सेहत का ख्याल रखें। फिजिकल एक्टिविटी, जैसे कि एक्सरसाइज, योग और वॉक न केवल हमारे शारीरिक स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है बल्कि हमारे मानसिक और समग्र स्वास्थ्य के लिए भी बेहद जरूरी है। जब आप शारीरिक रूप से एक्टिव रहते हैं, तो शरीर की ऊर्जा बढ़ती है। जिसे 'हैप्पी हार्मोन' भी कहा जाता है। यह हार्मोन हमें खुश और संतुष्ट महसूस कराता है, जिससे तनाव और एंग्जायटी जैसी समस्याएं कम हो सकती हैं। देश में 54 प्रतिशत लोगों की शारीरिक गतिविधियां करने में कोई रुचि नहीं है और 10 फीसदी से कम लोग मनोरंजन के तौर पर शारीरिक गतिविधियां करते हैं। आईसीएमआर डेटा में इस बात का खुलासा हुआ है। आजकल आर्थराइटिस जैसी जोड़ों की बीमारियां उम्र तक सीमित नहीं रह गई हैं बल्कि शारीरिक रूप से काम न करना भी इस बीमारी के बोझ को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) के आंकड़ों बताते हैं कि 54.4 फीसदी लोगों की शारीरिक गतिविधियां करने में रुचि नहीं है। इस सरकारी एजेंसी द्वारा की गई स्टडी के अनुसार लोग यात्रा और मनोरंजन से जुड़ी शारीरिक गतिविधियों के मुकाबले काम में ज्यादा समय बिताते हैं। आलसी जीवनशैली, कसरत न करना या प्रोफेशनल की देखरेख के बिना कसरत करने से युवाओं के जोड़ों के लिगामेंट में दिक्कतें होने लगती हैं। चिकित्सकों का कहना है फिजिकली एक्टिव रहना, न केवल हमारे शारीरिक स्वास्थ्य को सुधारता है बल्कि हमारे समग्र स्वास्थ्य के लिए भी जरूरी है। नियमित फिजिकल एक्टिविटी मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने, तनाव को कम करने और जीवन को बेहतर बनाने में सहायक होती है। ऐसे में लोगों को अपनी पसंद के अनुसार फिजिकल एक्टिविटी में खुद को बिजी रखना चाहिए। तेज चलना, बागवानी या भारोत्तोलन आपका वजन कम करने के अलावा आपको खुश भी रख सकते हैं।

शोध में इसका खुलासा हुआ है कि आपकी शारीरिक गतिविधियों की निरंतरता और उन्हें करने की क्षमता आपकी खुशी के स्तर को बढ़ाती है। शोधकर्ताओं के एक दल ने पाया कि एक सप्ताह में एक बार शारीरिक श्रम करने वाला एक सामान्य वजन का वयस्क बिना शारीरिक श्रम के पूरा सप्ताह गुजारने वाले समान वजन के वयस्क की अपेक्षा 1.4 गुना ज्यादा खुश रहा जबकि सामान्य से अधिक वजन का वयस्क 1.5 गुना ज्यादा खुश रहा। बदलती जीवनशैली के चलते दफ्तर में घंटों बैठे रहकर काम करने और फिर घर में निष्क्रिय जीवन जीने से हमारे शरीर में जंग लगने लगा है और हम बीमारियों का आसान शिकार बनते जा रहे हैं। यह स्थिति तब और भी ज्यादा बिगड़ जाती है जब उम्र 25 पार करती है। 40 की उम्र में आते-आते ज्यादातर लोग आजकल बेहद अनफिट हो जाते हैं। ऐसे में कोलेस्ट्रॉल लेवल के बढ़ने, ब्लड प्रेशर और शुगर लेवल के नॉर्मल न रह पाने, हड्डियों के भुरभुरा होने, मसल्स में तकलीफ होने, तनाव, डिप्रेशन, मोटापा आदि जैसी समस्याएं घर करने लगती हैं। डिप्रेशन तनाव, चिंता और उदासी का बहुत बड़ा कारण बनता है, जो जल्द ही आपके जीवन पर असर करना शुरू कर देता है। इससे पहले कि यह गंभीर रूप धारण कर लें, डिप्रेशन से निपटने के उपाय करने चाहिए। अवसाद से निपटने का सबसे प्रभावी और प्राकृतिक तरीका शारीरिक गतिविधि है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में 5 में से 1 वयस्क और 5 में से 4 किशोर शारीरिक गतिविधियां नहीं करते, जिससे हेल्थ केयर पर 54 अरब डॉलर का सीधा असर पड़ रहा है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# स्वच्छता की चादर से ढकी गंदगी



दूषित पेयजल
प्रमोद भार्गव

भागीरथपुरा में नर्मदा नदी से पाइप लाइन के जरिए आने वाले जल में शौचालय का दूषित जल शुद्ध पेयजल में लंबे समय से मिलता रहा। बस्ती के लोग इस पानी को यह मानकर पीते रहे कि नगर निगम द्वारा पिलाया जाने वाला जल शुद्धता के मानकों पर खरा होगा ही। धरती के नीचे बह रहा सीवर का मल नर्मदा के जल में पाइप लाइन फूट जाने से घुलता रहा। लोगों को जब पानी में गंदगी का अहसास हुआ तो शिकायत भी की गई जब 15 लोगों की मौत हो गई और 1000 के करीब लोग अस्पतालों में भर्ती हो गए, तब प्रशासन जागा और स्थल की खुदाई की। तब कहीं जाकर पता चला कि सीवर और पेयजल की लाइनें फूट जाने से नर्मदा जल में गंदगी डेढ़ वर्ष से विलय हो रही थी।

इंदौर मध्य प्रदेश ही नहीं देश के स्वच्छतम शहरों की श्रेणी में रहा है, लेकिन अब इसकी सच्चाई ने उजागर कर दिया कि इस महानगर की गंदगी को स्वच्छता की चादर से ढक दिया गया था, जिससे इंदौर को देशव्यापी स्वच्छता का खिताब मिलता रहे। किंतु अब दूषित पेयजल से हुई 15 मौतों ने झूठ से पर्दा उठा दिया है। स्वच्छता के कथित मानकों पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं, लेकिन इन सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर हम अपने नागरिकों को शुद्ध पेयजल पिलाने में क्यों असफल सिद्ध हो रहे हैं।

मानव शरीर के लिए शुद्ध पेयजल पहली जरूरत है, क्योंकि हम बिना भोजन के तो जीवित रह सकते हैं, लेकिन जल के बिना जीवन कतई संभव नहीं है। मानव शरीर में 70 प्रतिशत जल की उपलब्धता है। भागीरथपुरा में नर्मदा नदी से पाइप लाइन के जरिए आने वाले जल में शौचालय का दूषित जल शुद्ध पेयजल में लंबे समय से मिलता रहा। बस्ती के लोग इस पानी को यह मानकर पीते रहे कि नगर निगम द्वारा पिलाया जाने वाला जल शुद्धता के मानकों पर खरा होगा ही। धरती के नीचे बह रहा सीवर का मल नर्मदा के जल में पाइप लाइन फूट जाने से घुलता रहा। लोगों को जब पानी में गंदगी का अहसास हुआ तो शिकायत भी की गई, लेकिन निगम और जिला प्रशासन के कानों में जूं तक नहीं रेंगी। जब 15 लोगों की मौत हो गई और 1000 के करीब लोग अस्पतालों में भर्ती हो गए, तब प्रशासन जागा और नागरिकों द्वारा बताए स्थल की खुदाई की। तब कहीं जाकर पता चला कि सीवर और पेयजल की लाइनें फूट जाने से नर्मदा जल में गंदगी डेढ़ वर्ष से विलय हो रही थी। इस कारण लोगों की प्रतिरोधात्मक क्षमता घटती गई और बीमारी एवं मौत कहर बनकर टूट पड़े। अब कुछ कर्मचारियों को निलंबित करके प्रशासन मामले को ठंडा करना चाहता है, लेकिन निलंबन कोई सजा नहीं है। नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय इंदौर के इसी निर्वासन क्षेत्र से निर्वाचित हैं और पेयजल की आपूर्ति करने वाला विभाग भी उन्हीं के अधीन है। अतएव जब जिम्मेदार मंत्री से इस जानलेवा लापरवाही से जुड़े सवाल किए गए तो उन्होंने बौखलाकर आपा खो दिया और बोले, ये सब फोकट के सवाल हैं, इन्हें मत पूछिए। यह उनकी संवेदनहीनता दर्शाने वाला उत्तर था। इस वीडियो के वायरल होने के बाद जब उनकी थू-थू हुई तो उन्होंने खेद जताकर मुक्ति पा ली। साफ है कि भाजपा सरकार के मंत्री इस हद तक मद में चूर हो गए हैं कि अब उन्हें अपने उत्तरदायित्वों का उचित ख्याल तक नहीं रहता। यदि रहता तो कैलाश विजयवर्गीय को एहसास होता कि इस तरह की लापरवाही का उपचार महज सरकारी खानापूर्ति न होकर सजगता के साथ समस्या का हल खोजना था। इस दूषित पेयजल कांड के चलते इंदौर नगर निगम के महापौर पुष्यमित्र भार्गव तो इतने विचलित हुए कि जब अपर मुख्य सचिव संजय दुबे ने उनके निर्देश को महत्व नहीं दिया तो उन्होंने यहां तक कह दिया कि अधिकारी सुनते नहीं हैं, इसलिए ऐसी प्रशासनिक व्यवस्था में काम करना मुझ जैसे व्यक्ति के लिए संभव नहीं है, अधिकारी बातचीत करने तक को तैयार नहीं हैं।

इस संदेश को मुख्यमंत्री तक पहुंचा दीजिए। भार्गव कलेक्टर शिवम वर्मा पर भी नाराज हुए। दरअसल,



भार्गव ने मौतों का सिलसिला शुरू होने से पहले कलेक्टर को कहा था कि भागीरथपुरा से उल्टी-दस्त की शिकायत आ रही हैं। शुद्ध पानी की कमी शरीर में ऐसी बीमारियों को पैदा करने का सबब बनता है कि समय पर उपचार नहीं हुआ तो मौत निश्चित है।

इस दूषित जल के कारण उल्टी-दस्त, डायरिया, टाइफाइड और हेपेटाइटिस भी जैसी बीमारियां पेट में जन्म ले लेती हैं। यही हश्र भागीरथपुरा में रहने वाले लोगों का हुआ। यदि इंदौर को लगातार कई साल तक स्वच्छता के तमगे नहीं मिले हो तो शायद इन मौतों की देश-परदेश के मीडिया में चर्चा भी नहीं हुई होती? लेकिन कार्यपालिका और विधायिका तमगों के लिए किस तरह से गंदगी पर चादर बिछाती है, यह हकीकत इंदौर में हुई इन मौतों ने सामने ला दी है। हालांकि, यहां पानी का टैंकर सुविधा के लिए भेजा जा रहा है, लेकिन इसका पानी उपयोग करने में भी लोग डर रहे हैं। वह आरओ का पानी मंगवाकर पी रहे हैं। दरअसल नागरिकों को शुद्ध पानी पिलाने के दावे चाहे जितने किए जाएं, ये हकीकत से बहुत दूर है। इसीलिए भारत में जल जनित बीमारियों की बहुलता पूरे साल बनी रहती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़े बताते हैं कि दुनिया के पौने दो अरब लोग दूषित पानी पीने के लिए अभिशप्त हैं। इस कारण दुनियाभर में हर साल पचास लाख से ज्यादा लोग दूषित पानी पीकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर देते हैं। मध्यप्रदेश में ज्यादातर नगरीय निकायों की हालात बहुत खराब है। कोई भी निकाय यह दावा नहीं कर सकता कि वह शुद्ध पानी पिला रहा है। ज्यादातर नगरीय निकायों में पानी की मानकों के अनुसार जांच ही नहीं होती है। यह लापरवाही तब से और ज्यादा बरती जाने लगी हैं, जब से आरओ और बोतलबंद पानी की सुविधा सक्षम लोगों के लिए उपलब्ध हो गई है। मध्यप्रदेश में बारहमासी नदियां होने के कारण पानी की कोई कमी नहीं है। पानी बरसता भी खूब है। इन्हीं नदियों पर बने बांधों से ज्यादातर नगरों में पेयजल प्रदाय किया जाता है, लेकिन हम अपने इस प्राकृतिक वरदान को तात्कालिक लाभ के चलते अभिशाप में बदलने में लगे हुए हैं। औद्योगिक क्षेत्र की अर्थ दोहन की ऐसी ही लापरवाहियों के चलते मध्यप्रदेश के मालवा क्षेत्र में लगे स्टील संयंत्र रोजाना करीब 60 टन दूषित मलवा नदियों में बहा कर उन्हें जहरीला तो बना ही रहे हैं, मनुष्य-मवेशी व अन्य जलीय जीव-जन्तुओं के लिए जानलेवा भी साबित बना रहे हैं। दरअसल इन स्टील संयंत्रों में लोह के तार व चद्दरों को जंग से छुटकारा दिलाने के लिए 32 प्रतिशत सान्द्रता वाले हाइड्रोक्लोरिक अम्ल का इस्तेमाल किया जाता है। तारों और चद्दरों को तेजाब से भरी बड़ी-बड़ी हौदियों में जब तक बार-बार डुबोया जाता है, तब तक ये जंग से मुक्त नहीं हो जातीं ?

बाद में बेकार हो चुके तेजाब को मलबा की चामला नदी से जुड़े नालों में बहा दिया जाता है। इस कारण नदी का पानी लाल होकर प्रदूषित हो जाता है, जो जीव-जंतुओं को हानि तो पहुंचाता ही है, यदि इस जल का उपयोग सिंचाई के लिए किया जाता है तो यह जल फसलों को भी पर्याप्त नुकसान पहुंचाता है। पूरे मध्यप्रदेश में इस तरह की पंद्रह औद्योगिक इकाइयां हैं। अकेले मालवा क्षेत्र और इंदौर के आसपास ऐसी दस इकाइयां हैं, जो खराब तेजाब आजू-बाजू की नदियों में बहा रही हैं। ये छोटी नदी और नाले आगे जाकर नर्मदा में विलय होते हैं। साफ है, नर्मदा के जल को दूषित करने के एक नहीं अनेक कारण हैं, जिनके समाधान प्रदेश की सरकार पिछले 20 साल से नहीं खोज पाई है।

(लेखक वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## एकनिष्ठ भक्ति



संकलित
दर्शन

अनेक महापुरुष हैं, अनेक देवी-देवता हैं, अनेक मार्ग हैं, किंतु एकनिष्ठता आवश्यक है। इसी कारण इष्ट देवता की अवधारणा है। घर की बहू सास, ससुर, जेठ, जेठानी सबका आदर सम्मान करती है, किसी की अवज्ञा या उपेक्षा नहीं करती। सबकी सेवा करती है, किंतु अपने पति को वह सबसे अधिक चाहती है। इसी तरह तुम भी अपने इष्ट देवता पर दृढ़ एकनिष्ठ भक्ति रखो, जबकि अन्य देवी-देवताओं का सम्मान करो, सबके प्रति श्रद्धा रखो। सभी देव एक ही परमेश्वर के रूप हैं। किंतु किसी एक के प्रति एकनिष्ठ रहो। चौसर के खेल में गोटी सब खानों का चक्कर लगाए बिना लक्ष्य पर नहीं पहुंचती। यदि दो गोटियां जोड़ी बांधकर इकट्ठी चलें तो उन्हें कोई काट नहीं सकता, नहीं तो अकेली गोटी लक्ष्य के पास पहुंचकर पकते-पकते भी कट जा सकती है। इसी प्रकार साधना के मार्ग पर भी यदि गुरु अथवा इष्ट के साथ युक्त होकर आगे बढ़ा जाए तो बाधा विघ्न का भय नहीं रहता, यात्रा निर्विघ्न रूप से सफल हो सकती है। एक बार किसी यात्री ने एक आदमी से कलकत्ता (अब कोलकाता) जाने का रास्ता पूछा। उस आदमी ने कहा, इस रास्ते से चले जाओ। थोड़ी दूर चलकर उसने और एक जन से रास्ता पूछा। उसने दूसरा रास्ता बताया। इस तरह वह थोड़ा सा आगे बढ़कर किसी से रास्ता पूछता तो पहले वाले का रास्ता छोड़ उस पर चल देता। ऐसा करते हुए वह रास्तों पर ही भटकता रहा, कलकत्ता नहीं पहुंच पाया। उसे किसी ऐसे व्यक्ति से रास्ता पूछना चाहिए था, जिस पर विश्वास हो कि वह सही मार्ग जानता है। एक उसी व्यक्ति से पूछकर उसके ही बताए मार्ग पर चलना चाहिए था।


## संतान गुस्सा हो तो उसे शांत करने की कोशिश करें



संकलित
प्रेरणा

पुराने समय में एक दिन शिव जी और पार्वती जी ने विचार किया कि अब गणेश और कार्तिकेय का विवाह कर देना चाहिए। ये विचार करने के बाद उन्होंने कार्तिकेय स्वामी और गणेश जी को बुलाया और दोनों से कहा कि आप दोनों में से जो इस संसार की परिक्रमा करके पहले आएगा, हम उसका विवाह पहले कराएंगे। कार्तिकेय स्वामी तो अपने वाहन मोर पर बैठकर तुरंत उड़ गए, लेकिन गणेश जी अपने वाहन चूहे पर बैठे हुए थे। गणेश जी ने ने तुरंत ही माता-पिता की परिक्रमा कर ली और कह दिया कि आप दोनों ही मेरे लिए संसार हैं। दूसरी ओर, कार्तिकेय स्वामी को संसार की परिक्रमा करके लौटने में थोड़ा समय लग गया। जब कार्तिकेय स्वामी परिक्रमा करके लौटे तो उन्होंने देखा कि गणेश का विवाह हो गया है। गणेश जी को विवाहित देखकर कार्तिकेय स्वामी नाराज हो गए। उन्होंने शिव-पार्वती से कहा कि आपने ये सही नहीं किया है। क्रोधित होकर कार्तिकेय स्वामी क्रौंच पर्वत पर चले गए। ये क्रौंच पर्वत आज दक्षिण भारत में कृष्णा जिले में कृष्णा नदी के तट पर स्थित है। इसे श्रीपर्वत भी कहते हैं। शिव जी और देवी पार्वती ने कार्तिकेय स्वामी को समझाने की बहुत कोशिशें कीं, लेकिन कार्तिकेय शांत नहीं हुए। शिव-पार्वती समझ गए कि कार्तिकेय बहुत ज्यादा गुस्से में है और ये वापस भी नहीं आएगा। तब दोनों ने तय कि वे ही कार्तिकेय से मिलने जाते रहेंगे। इसके बाद हर अमावस्या पर शिव जी और पूर्णिमा पर देवी पार्वती कार्तिकेय से मिलने श्रीपर्वत पर आती हैं। ऐसी मान्यता है। श्रीपर्वत पर मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग स्थित है। इस ज्योतिर्लिंग में शिव-पार्वती, इन दोनों की ज्योतियां विराजित हैं।

## अंतर्मन





### आज की पाती

#### उपकरणों का सावधानी से प्रयोग करना जरूरी

विज्ञान ने हमें हर मौसम से बचने के लिए बहुत सी चीजें दी हैं। लेकिन अगर हम इनका सावधानी से प्रयोग न करें तो यह हमारे लिए कभी भी हानिकारक बन सकती हैं और अक्सर खबरें भी पढ़ने और सुनने को मिलती है कि इन चीजों के प्रयोग करते समय कोई हादसा हो गया। सर्दियों में गैस गीजर, कोयले की अंगीठी और अन्य गर्मी प्रदान करने वाले उपकरण लोगों की जान के दुश्मन भी बन जाते हैं। सर्दियों के मौसम में नहाने के लिए लोग गैस से चलने वाले गीजर का भी प्रयोग कर रहे हैं। लेकिन इसके प्रयोग में जरा सी भी असावधानी किसी दुर्घटना को अंजाम दे सकती है। गैस गीजर को बाथरूम में लगाने के साथ-साथ एक खिडकी जरूर रखें। - महेश वर्मा, कांकेर

## ट्रेंड

### निधन से दुख हुआ



उत्तर प्रदेश के फरीदपुर के विधायक डॉ. श्याम बिहारी लाल के निधन से अत्यंत दुख हुआ है। वे जनहित में समर्पित भाजपा के एक कर्मठ नेता थे, जिनके जाने से पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है। शोक की इस घड़ी में उनके परिजनों और समर्थकों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। ओम शांति!
- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### बिहू का त्योहार



इस साल असम में बिहू का त्योहार हमारी सभी बहनों के लिए खास होगा। ओरुनोदोई योजना के तहत, प्रत्येक लाभार्थी को 8,000 रुपये दिए जाएंगे। यह सिर्फ आर्थिक सहायता नहीं है, बल्कि यह हमारी बहनों के प्रति हमारी देखभाल और सम्मान को दर्शाता है।
- हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम

### पुलिस का अभिनंदन



हम उप्र पुलिस का हार्दिक अभिनंदन करते हैं जो अतिरिक्त सजगता और सतर्कता से माघ मेले में निर्माणाधीन 'श्रद्धेय मुलायम सिंह यादव स्मृति सेवा संस्थान' में पूरी मुस्तैदी से सुरक्षा का कार्य संपन्न कर रही है।
- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

### डिलीवरी राइडर्स




लाखों डिलीवरी राइडर्स, जिन्होंने इस्टेट कॉमर्स कंपनियों को आज इस मुकाम तक पहुंचाने में योगदान दिया, अब अपनी बात सुनाने के लिए विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर हैं। गिग इकॉनमी को अपराध-मुक्त शोषण की अर्थव्यवस्था नहीं बनने दे सकते।
- राघव चड्ढा, सांसद, आम आदमी पार्टी



## करंट अफेयर

# पाकिस्तान के तक्षशिला में मिले दुर्लभ सिक्के व पत्थर



पाकिस्तान के पुरातत्वविदों को ऐतिहासिक शहर तक्षशिला के पास यूनेस्को-सूचीबद्ध स्थल की खुदाई के दौरान दुर्लभ सजावटी पत्थर और सिक्के मिले हैं, जिससे प्राचीन सभ्यता की सबसे प्रारंभिक शहरी बस्ती की एक दुर्लभ झलक मिलती है। पुरातात्विक महत्व की ये वस्तुएं प्राचीन भीर टीले पर मिली हैं। विशेषज्ञों ने ईसा पूर्व छठी शताब्दी के सजावटी पत्थर और दूसरी शताब्दी के सिक्के बरामद किए। समाचार पत्र 'डॉन' ने अपनी एक खबर में कहा कि अधिकारियों ने इस खोज को एक दशक में इस स्थल पर हुई सबसे अहम खोज बताया है। इसमें कहा गया कि विशेषज्ञों ने सजावटी पत्थरों के टुकड़े बरामद किए जिनकी पहचान 'लैपिस लाजुली' के रूप में की गई है और इसके साथ ही कुषाण वंश से संबंधित दुर्लभ कांस्य सिक्के भी मिले हैं, जिससे प्राचीन गांधार के भौतिक इतिहास को एक नया आयाम मिला है। पंजाब पुरातत्व विभाग के उप निदेशक आसिम डोगर ने कलाकृतियों के प्रारंभिक विश्लेषण की पुष्टि की। डोगर उत्खनन दल के प्रमुख हैं। डोगर ने कहा, 'सजावटी पत्थर लैपिस लाजुली हैं जो एक बहुमूल्य पत्थर है, जबकि सिक्के कुषाण काल के हैं।' उत्खनन दल ने धातु की कलाकृतियों की आयु निर्धारित करने के लिए विशेष फॉरेंसिक सहायता ली।

## ऑफ बीट

# काम करते हुए क्या अंडर डेस्क ट्रेडमिल फायदेमंद है



हालिया सर्वेक्षणों के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया में 67 लाख से अधिक लोग-यानी लगभग आधे कर्मचारी-कम से कम कुछ समय के लिए घर से काम करते हैं। सिडनी, मेलबर्न और कैनबरा में यह संख्या सबसे अधिक है। घर से काम बढ़ने के साथ लंबे समय तक बैठने की आदत भी बढ़ी है, जिसे अब स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह माना जाता है। दफ्तर जाकर काम करने पर रोजमर्रा की गतिविधियां-जैसे चलना, खड़े रहना, सहकर्मियों से मिलने जाना या बाहर लंच लेने जाना-अपने आप हो जाती हैं, लेकिन घर से काम करते समय यह कम हो जाती हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या काम के दौरान अंडर-डेस्क ट्रेडमिल या वॉकिंग पैड का इस्तेमाल कर चलना फायदेमंद हो सकता है। अध्ययनों से पता चला है कि नियमित रूप से चलने से रक्तचाप और ग्लूकोज सहनशीलता जैसे स्वास्थ्य संकेतकों में सुधार होता है। हालिया शोध में प्रतिदिन करीब 7,000 कदम चलने को कई बीमारियों की रोकथाम के लिए पर्याप्त लक्ष्य बताया गया है। शोध यह भी बताते हैं कि लंबे समय तक बैठे रहने के बजाय छोटे-छोटे अंतराल में बार-बार चलना या हल्की गतिविधि करना एक बार में लंबी सैर से अधिक लाभकारी हो सकता है।

## अनुशासन, फिटनेस व गुणवत्ता पर विशेष जोर पुलिस अधीक्षक सोनभद्र का परेड एवं निरीक्षण

**उत्कृष्ट कार्य के लिए 03 पुलिसकर्मी ह्यकॉप ऑफ दी मंथह्न से सम्मानित।**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा पुलिस लाइन चुर्क में शुक्रवार परेड की सलामी ली गई। सलामी के उपरान्त पुलिस अधीक्षक द्वारा स्वयं दौड़ लगाकर परेड का निरीक्षण किया गया तथा परेड में सम्मिलित पुलिस जवानों को भी दौड़ लगवाई गई इसके पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा विभिन्न थानों से आई सरकारी वाहनों एवं पीआरवी गाड़ियों के लाइट, हूटर, दंगा नियंत्रण उपकरणों के साथ उनके इवेंट एवं अभिलेखों की गहन जांच की गई। साथ ही परिवहन शाखा का सूक्ष्मता से निरीक्षण करते हुए वाहनों के रख-रखाव एवं अभिलेखीकरण को दुरुस्त रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



### पुलिस लाइन मेस एवं आरटीसी मेस का निरीक्षण–

पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा पुलिस लाइन मेस एवं आरटीसी मेस का निरीक्षण किया गया। भोजनालय कक्ष में जाकर बन रहे भोजन की गुणवत्ता, साफ-सफाई एवं स्वच्छता की जांच की गई तथा भोजन की गुणवत्ता को और बेहतर बनाए जाने हेतु आरटीसी प्रभारी एवं प्रतिसार निरीक्षक को आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए।

### कॉप ऑफ दी मंथ का चयन

पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन के आधार पर 03 पुलिस कर्मियों को ह्यकॉप ऑफ दी मंथह्न के रूप में चयनित किया गया। चयनित पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके कार्यों की सराहना की गई। साथ ही निर्देशित किया गया कि चयनित तीनों पुलिसकर्मियों की फोटो एवं उनकी कार्यप्रणाली का विवरण जनपद के समस्त थानों में चस्पा किया जाए, जिससे अन्य पुलिसकर्मियों को भी उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रेरणा मिल सके।

## पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में गैंगेस्टर एक्ट के अंतर्गत मादक पदार्थ से अर्जित 37.68 लाख की अवैध संपत्ति जब्त



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। शासन की मंशा के अनुरूप अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में प्रभावी कार्यवाही करते हुए मादक पदार्थों से अर्जित अवैध संपत्ति के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की गई। उक्त क्रम में श्रीमान-जिला मजिस्ट्रेट, जनपद सोनभद्र द्वारा वाद संख्या ऊ202516660002283/2025 के माध्यम से अभियुक्ता माया उर्फ सुनीता पत्नी स्व0 शिव प्रसाद, निवासी कस्बा शाहगंज, थाना शाहगंज, जनपद सोनभद्र, तथा वाद संख्या ऊ 202516660002284/2025 के माध्यम से अभियुक्ता आशा देवी पत्नी शियाशंकर, निवासी राजपुर रोड, कस्बा शाहगंज, थाना शाहगंज, जनपद सोनभद्र, द्वारा मादक पदार्थों के अवैध कारोबार से अर्जित दोनों अभियुक्ताओं की मकान रूपी अचल संपत्तियों को संबंधित मु0अ0सं0 57/2025, धारा 3(1) उत्तर प्रदेश गैंगेस्टर एक्ट, थाना शाहगंज, जनपद सोनभद्र के अंतर्गत धारा 14(1) उत्तर प्रदेश गैंगेस्टर एक्ट में जब्त किया गया।

## सर्किट हाउस के पास निर्माणाधीन पर्यटन कार्यालय तक जाने हेतु बनायी जा रही सी0सी0 रोड का जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने आज सर्किट हाउस के पास निर्माणाधीन पर्यटन कार्यालय तक पहुंच मार्ग हेतु बनायी जा रही सी0सी0 रोड का आकस्मिक निरीक्षण किये, निरीक्षण के दौरान इलेक्ट्रानिक मशीन विधि से सी0सी0रोड बनायी जा रही है, के स्थिति का जायजा लिये। उन्होंने सी0सी0 रोड में प्रयोग की जा रही कंक्रीट, सीमेंट, बालू, व सरिया के मानक के सम्बन्ध में कार्यदायी संस्था के ठेकेदार व सम्बन्धित जेई से जानकारी प्राप्त किये। उन्होंने रोड निर्माण में प्रयोग किये जा रहे सामग्री के गुणवत्ता को स्वयं परखे और सम्बन्धित ठेकेदार व जे0ई0 को निर्देश दिये कि निर्माण कार्य में बेहतर गुणवत्तायुक्त सामग्री का प्रयोग किया जाये, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये, जिससे बनायी जा रही सड़क की मजबूती भविष्य में भी बनी रहें। उन्होंने निर्देश दिये कि सड़क निर्माण में सामग्री की गुणवत्ता ठीक नहीं है कि शिकायत मिलने पर सम्बन्धित के खिलाफ विभागीय कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। इस दौरान जिलाधिकारी ने सी0सी0रोड के किनारे बनायी गयी नाली को भी देखा और संतोष व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि सी0सी0 रोड निर्माण के समय ध्यान दिया जाये कि सड़क का पानी नाली में बेहतर तरीके से निकासी हो सकें, जिससे सड़क पर पानी इकठ्ठा न होने पाये। इसी प्रकार से जिलाधिकारी ने मेन हाईवे से जिला संयुक्त चिकित्सालय लोढ़ी में जाने-आने के लिए कुछ दिनों पहले बनायी गयी सी0सी0 रोड का आकस्मिक निरीक्षण किये। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बनायी गयी सड़क की गुणवत्ता को देखा और सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दियें। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अस्पताल में पूर्व से निर्मित पक्की सड़क की स्थिति का जायजा लिये, तो सड़क की दशा ठीक नहीं पायी गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग द्वारा बनायी गयी पक्की सड़क की मरम्मत कराने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारी को दिये।

उन्होंने कहाकि बनायी गयी सड़क कम समय में ही खराब हो गयी, लोक निर्माण विभाग की लापरवाही है, सड़क को शीघ्र मरम्मत कराया जाये, जिससे लोगों में आने-जाने में परेशानी न उठानी पड़ी। उन्होंने कहा कि अस्पताल में मरीजों का आना-जाना लगा रहता है, को ध्यान में रखते हुए सड़क को बेहतर किया जाये, जिससे मरीजों को तकलीफ न होने पायें।

## माह जनवरी,2026 की सिंचाई बन्धु की बैठक 13 जनवरी को

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। अधिशासी अभियन्ता एवं सचिव सिंचाई बन्धु सोनभद्र ने अवगत कराया है कि जनपद सोनभद्र की सिंचाई बन्धु की बैठक प्रत्येक माह के द्वितीय मंगलवार को आयोजित की जाती है। माह जनवरी, 2026 की सिंचाई बन्धु की बैठक 13 जनवरी,2026 को चौधरी चरण सिंह निरीक्षण गृह बढ़ौली राबर्ट्सगंज में पूर्वान्ह 11.00 बजे से 02.00 बजे तक लाल बहादुर पाण्डेय उपाध्यक्ष सिंचाई बन्धु की अध्यक्षता में आयोजित की जायेगी। उन्होंने बताया कि कृषकों की समस्याओं के गुणवत्तापरक ढंग से निस्तारण हेतु जन प्रतिनिधिगण एवं सम्बन्धित अधिकारीगण की उपस्थिति प्रार्थनीय है। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारीगण को 09 दिसम्बर 2025 को आयोजित बैठक में प्राप्त हुई समस्याओं का निस्तारण आख्या 7 दिवस में उपलब्ध कराने को कहा है।

## नगर में पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की मनाई गई जयंती

अमन लेखनी समाचार

बिंदकी/ फतेहपुर ।जनपद फतेहपुर के बिंदकी कस्बे ने अंतर्गत महान समाज सुधारक तथा भारत की पहली महिला शिक्षा का सावित्रीबाई फुले की जयंती भीम आर्मी द्वारा मनाई गई इस मौके पर मौजूद लोगों ने उनके व्यक्तित्व और केतित्व पर चर्चा करते हुए कहा कि वह भारत की पहली महिला शिक्षिका थी वह महान समाज सुधारक थी वह बाल विवाह तथा सती प्रथा का विरोध करती थी और विधवा पुनर्विवाह का समर्थन करती थी वह साहित्यकार भी थी छुआछूत और भेदभाव के खिलाफ उन्होंने आवाज उठाई थी उन्हें हमेशा याद किया जाएगा।

बिंदकी कस्बे के तहसील रोड में शनिवार को दोपहर करीब 12:00 बजे भीम आर्मी द्वारा महान समाज सुधारक तथा भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई गई। मौजूद लोगों ने सावित्रीबाई फुले की चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके व्यक्तित्व तथा कृतित्व पर चर्चा किया। इस मौके पर भीम आर्मी



के जिला अध्यक्ष राजेश पाटिल ने कहा कि सावित्रीबाई फुले भारत की पहली महिला शिक्षिका थी वह महान समाज सुधारक थी उन्होंने अपने पति ज्योतिबा फुले के साथ मिलकर 18 स्कूल खुला जिसमें दलित और लड़कियों के लिए स्कूल भी शामिल थे। उन्होंने बाल विवाह तथा सती प्रथा का विरोध किया था तथा विधवा पुनर्विवाह का समर्थन किया था। उन्होंने काव्य फूले और बावन काशी सुबोध रत्नाकर साहित्यिक रचनाएं लिखी थी। उन्होंने जाति भेदभाव और छुआछूत के खिलाफ आवाज उठाई थी और महिला सेवा मंडल की स्थापना भी की थी। उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। इस मौके पर आजाद समाज पार्टी के जिला उपाध्यक्ष पुत्तीलालमास्टर, भीम आर्मी के तहसील अध्यक्ष दिनेश गौतम भीम आर्मी के नगर अध्यक्ष नरेंद्र उर्फ टाइगर के अलावा विजय गौतम ओम प्रकाश गौतम जितेंद्र कुमार विकास नायक कौशल किशोर शिवनंदन फौजी राजकरण गौतम विजेंद्र कुशवाहा बदलू राम अमीन शिवबरन पासी रोहित रचित अंबेडकर देवी प्रसाद गुलाब संतोष सैनी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## अ0भा0 लोधी महासभा के तत्वाधान में विशाल सम्मेलन संपन्न

**बीजेपी के स्तंभ पूर्व मुख्यमंत्री स्व0 बाबू जी के जन्म दिवस पर आयोजित हुआ कार्यक्रम**

अमन लेखनी समाचार



शिवपुर, बहराइच। बहराइच के शिवपुर ब्लाक अंतर्गत रामपुर धोबिहार में शनिवार को अखिल भारतीय लोधी महासभा के तत्वाधान में विशाल सम्मेलन का आयोजन किया गया। सुरक्षा की दृष्टि से प्रभारी निरीक्षक खैरीघाट आनंद कुमार सिंह दलबल सहित मौजूद रहे।

यह आयोजन राजस्थान व हिमाचल प्रदेश के पूर्व राज्यपाल एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री पद्म विभूषण से सम्मानित ₹बाबूजी₹ कल्याण सिंह के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में श्रद्धा सुमन समर्पित करने हेतु संपन्न किया गया। कार्यक्रम में आकर्षण का केंद्र शीलू राजपूत रही जिनके संगीतमय आल्हखंड के गीतों ने हजारों की तादाद में उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा सांसद साक्षी जी महाराज किसी कारणवश कार्यक्रम में नहीं पहुंच सके। कार्यक्रम का शुभारंभ 'बाबूजी' के पोते सौरभ सिंह लोधी के द्वारा दीप प्रज्वलित व पुष्पांजलि समर्पित कर किया गया। तत्पश्चात लोकसभा बहराइच सांसद डॉ आनंद गोंड, एवं विशेष अतिथियों विधायक सीपी सिंह लोधी, देवेंद्र सिंह लोधी, कृष्ण पाल सिंह लोधी आदि के द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के चित्र पर पुष्प माला समर्पित किया गया। वहीं लोधी महासभा बहराइच इकाई के द्वारा मुख्य अतिथि सौरभ सिंह लोधी को तलवार भेंट किया गया एवं सभी को पुष्प मालाओं से सम्मानित किया। तत्पश्चात आये हुए आगंतुकों ने डबल इंजन सरकार की नीतियों उपलब्धियों आदि को बताते हुए पद्म विभूषण से सम्मानित बाबूजी द्वारा भाजपा पार्टी में दिए गए अभूतपूर्व योगदानों को याद किया गया तथा संगठन को मजबूत बनाने की अपील की गई। सांसद बहराइच ने बताया कि बहराइच की जनता ने मुझे असीम प्यार दिया है, सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को उन सभी तक पहुंचने का दायित्व हम सभी का है जिसके लिए हम सभी हमेशा प्रयासरत हैं और विकास के विभिन्न मुद्दों पर अपनी नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने कहा अखिल भारतीय लोधी महासभा का यह कार्यक्रम प्रेरणादायक है। पार्टी के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध व समर्पित रहे उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्रद्धेय कल्याण सिंह की जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि समारोह के भव्य कार्यक्रम में अखिल भारतीय लोधी महासभा द्वारा पार्टी कार्यकताओं को सम्मानित किया है। वह सराहनीय है। इस अवसर पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष नन्हेंलाल लोधी अनिल कुमार लोधी, सालिकराम लोधी, तिलक राम, पवन कुमार, रामगोपाल, अनीता सिंह, प्रभात कुमार जायसवाल, राजेश सहित संगठन एवं पार्टी के वरिष्ठ कनिष्ठ कार्यकर्त्ता, गणमान्य व्यक्तियों व हजारों क्षेत्रीय आवाम की उपस्थित रही।

## पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ की बड़ी कार्यवाही



अमन लेखनी समाचार

बिंदकी, फतेहपुर। जनपद फतेहपुर में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ जिला प्रशासन का अभियान लगातार जारी है शनिवार को आबकारी विभाग और पुलिस टीम की सयुक्त टीम ने जिले के कई इलाकों में हड़कंप मचा रहा इस दौरान कोतवाली बिंदकी क्षेत्र के कंचनपुर गांव में लगातार पुलिस छापेमारी की कार्यवाही कर रही है जिसमे शनिवार को कंचनपुर में अवैध देशी शराब पकड़ी गई मौके पर 250 किलो लहन नस्ट किया गया और 20 लीटर अवैध शराब बरामद की गई। जब की आरोपी मौके का फायदा उठाकर फरार हो गई वही इस पूरी कार्यवाही को उप निरीक्षक ब्रजेंद्र कुमार माथुर और आबकारी निरीक्षक मनोज कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल ने सयुक्त कार्यवाही की आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है

## मां ज्वाला जी कमेटी के नए अध्यक्ष बने शिवकरन सिंह

**11 मार्च से होगा बिंदकी का उत्सव, ज्वाला जी महोत्सव**

**नए अध्यक्ष का माला पहना कर किया गया स्वागत**

अमन लेखनी समाचार

बिंदकी, फतेहपुर ।बिंदकी नगर के मां ज्वाला जी मंदिर परिसर में मां ज्वाला जी महोत्सव को लेकर के बैठक का आयोजन किया गया। इस बार मां ज्वाला जी मंदिर में होने वाले मेला महोत्सव बिंदकी का उत्सव ज्वाला जी महोत्सव थीम पर होगा ।बैठक में मेला कमेटी का नया अध्यक्ष चुना गया। जिसमें सर्वसम्मति से शिवकरन सिंह चौहान को मेला कमेटी का अध्यक्ष मनोनीत किया गया ।इस मौके पर मां ज्वाला जी मंदिर में पूजा अर्चना के बाद नए अध्यक्ष शिवकरन सिंह चौहान का फूल माला पहना करके स्वागत किया गया। नव



मनोनीत अध्यक्ष शिवकरन सिंह चौहान ने कहा कि इस बार मेंला और भी भव्य एवं दिव्य होगा ।कार्यक्रम 11 मार्च से 15 मार्च 2026 तक आयोजन चलेगा ।जिसमें विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ रात्रि जागरण और भंडारा का आयोजन किया जाएगा ।बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र सिंह बबलू, राजेश कुमार गुप्ता, रामकुमार साहू, गोविंद बाबू टाटा, मुन्नालाल सोनकर, अनूप अग्रवाल, अतुल द्विवेदी, मधुराज विश्वकर्मा, ऋषभ सिंह, आलोक गौड़, महेंद्र सिंह , ओम जी हिंदू, शिवांशु ओमर, धीरेंद्र सिंह, आदर्श सिंह चौहान, विवेक सिंह चौहान, अभय, महेंद्र सिंह परिहार, आशीष, नीरज सिंह, दर्शील, रचित कपाड़िया, ऋषभ कुमार, आदर्श अवस्थी, आदित्य सिंह रहे।

## गुजरात से आए पर्यटकों को कतर्नियाघाट में दिखा बाघ

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल

मोतीपुर, बहराइच। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग क्षेत्र में इन दिनों पर्यटकों को वन्यजीवों के साथ ही बाघ का दीदार हो रहा है जिससे पर्यटक रोमांचित हो रहे हैं। गुजरात से आए पर्यटकों को जंगल सफारी के दौरान बाघ दिखाई दिया जिससे वह रोमांचित हो उठे और कतर्नियाघाट के मुरीद हो गए।

शनिवार को अनादि प्रताप सिंह पुत्र अजीत प्रताप सिंह ब्लाक प्रमुख हुजूरपुर और गुजरात से उनके साथ आए उनके चार मित्रों को कतर्नियाघाट वन्य जीव विहार में जंगल के राजा टाइगर के दर्शन हुए, जिसे उन्होंने कैमरे में कैद किया। गुजरात से आए पर्यटकों ने बताया कि कतर्नियाघाट के बारे में जितना सुना था उससे कहीं अधिक



पाया और बाघ का दीदार कर मन आनंदित हो गया ।इस संबंध में कतर्नियाघाट फ्रेंड्स क्लब के अध्यक्ष भगवान दास लखमानी ने बताया कि कतर्नियाघाट की जैव विविधता वन्य जीवों के लिए मुफीद है पिछले वर्षों में वन विभाग की मेहनत और स्वयं सेवी संस्थाओं के जागरूकता के प्रयासों से क्षेत्र के लोगों में वन एवं वन्य जीवों के प्रति जागरूकता बढ़ी है जिससे सभी प्रकार के वन्य जीवों के साथ बाघों की संख्या में भी इजाफा हुआ है जंगल भ्रमण पर जा रहे सैलानियों को अक्सर बाघ का दिखाई देना इस बात का संकेत है कि कतर्नियाघाट का जंगल सुरक्षित है और यहां का वन्यजीव संरक्षण सही दिशा में है। इससे पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

## वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया भूमि पूजन

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। विकास खंड मियागंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत आसीवन तरफ पश्चिम में अटल पंचायत विकास स्थल पर पंचायत भवन निर्माण कार्य व खेल मैदान, ओपन जिम पानी की टंकी व दो आंगनबाड़ी केंद्र के लिए चिन्हित भूमि पर क्षेत्रीय विधायक बम्बालाल दिवाकर ने पहुंचे जहां आचार्य द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन किया गया।

आसीवन तरफ पश्चिम ग्राम पंचायत में प्रधान हाजी सलाम द्वारा भूमि प्रबंधन समिति को दिए गए प्रस्ताव में कहा कि ग्राम पंचायत में पंचायत भवन, खेल मैदान, ओपन जिम, पानी की टंकी, व दो आंगनबाड़ी केंद्र बनाने की आवश्यकता है जिसको संज्ञान में लेते हुए विभाग ने सर्वप्रथम पंचायत भवन निर्माण की स्वीकृति एवं धनराशि प्रदान की जिसको लेकर ग्राम पंचायत अधिकारी सुमित मिश्रा के नेतृत्व में क्षेत्रीय विधायक बम्बालाल दिवाकर को भूमि पूजन के लिए आमंत्रित किया शनिवार क्षेत्रीय विधायक बम्बालाल दिवाकर मौके पर पहुंचकर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शिलान्यास किया इस अवसर पर एडीओ पंचायत प्रवीर दुबे, जिला पंचायत सदस्य फरान रहमान सफवी, स्वामी दयाल, पूर्व प्रधान सरोज सैनी, प्रधान प्रतिनिधि रिजवान, पंकज दुबे, दयाराम बाबा आदि सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहें।

## स्कूल में मनाई गई माता सावित्री बाई फुले की जयंती

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। प्रगतिशील विश्व मौर्य परिषद जिला इकाई के नेतृत्व में 03 जनवरी को हुजूरपुर ब्लॉक के ग्राम कारीडीहा स्थित आडएम पब्लिक स्कूल मे एक कार्यक्रम मनाया गया। अध्यक्षता प्रधानाचार्य राम करन मौर्य व संचालन प्रदेश प्रवक्ता अजय मौर्य ने किया ।कार्यक्रम में 18वीं सदी के क्रांति की जनक, महिलाओ के शोषण को रोकने और इन्हें शिक्षित बनाने के लिए अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली प्रथम महिला शिक्षिका राष्ट्र माता सावित्रीबाई फुले की 195 वीं जयंती मनाई गयी। इस दौरान सम्राट जादूगर द्वारा वैज्ञानिक तरीको पर आधारित जादू भी दिखाया गया और बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष आशीष कुमार मौर्य ने



कहा कि सावित्रीबाई ने अपने पति से ही शिक्षा ली और महिलाओं के अधिकार, शिक्षा, छुआछूत, सतीप्रथा, बाल विवाह और विधवा विवाह को लेकर समाज में चेतना फैलाई थी। उन्होंने अंधविश्वास और रूढ़िवादी धारणाओं को तोड़ने के लिए लंबा संघर्ष किया। आकाश मौर्य, हरीश मौर्य, दिनेश कुमार मौर्य, एन.पी.मौर्य, शीलू मौर्य, रूचि मौर्य, जमवन्ति विश्कर्मा, रुकसार आदि शिक्षकों ने शिक्षा की प्रेरणा दी। जिला सचिव अंचल मौर्य ने कहा कि माता सावित्री बाई फुले पति के साथ मिलकर लड़कियों के लिए 18 स्कूल खोले। साल 1848 में उन्होंने पुणे में देश के पहले बालिका स्कूल की शुरूआत की थी। माता सावित्री बाई फुले ने बताया था कि स्त्रियां केवल घर और खेत पर काम करने के लिए नहीं बनी हैं, वह पुरुषों से बेहतर कार्य कर सकती हैं ।अगर समाज बदलना है, तो सबसे पहले बेटियों को पढ़ाना होगा। इस मौके पर जिला धनंजय मौर्य, पिपरिया महिपाल सिंह ग्राम प्रधान मंशाराम मौर्य, सुरेश मौर्य, संतोष कुमार मौर्य, जिला उपाध्यक्ष, शिवकुमार मौर्य, जिला उपाध्यक्ष अनीता मौर्य, सर्वेश मौर्य, अंकित प्रताप मौर्य, चंद्रदीप सिद्धार्थ, दिवाकर मौर्य, ग्राम प्रधान गोबरहा धर्मेंद्र मौर्य सहित काफी संख्या में क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

## खेत में पानी लगाने गए किसान कोलगी सर्दी हुई मौत

**परिजनों में मचा कोहराम स्थानीय पुलिस को घटना की दी जानकारी**

अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत अमौली कस्बा निवासी युवक किसान कुलदीप कुमार उर्फ पूतन पाण्डेय उम्र लगभग 38 पुत्र स्वर्गीय भीष्म देव पाण्डेय की बीती रात खेतों में पानी लगाने के दौरान भीषण सर्दी की चपेट में आने से मौत हो गई देर तक घर नहीं पहुचने पर मृतक युवक की पत्नी रोशनी देवी ने फोन किया लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ परिजनों ने खेतों में जाकर देखा मृतक किसान खेत की मेड़ पर अचेत अवस्था में पड़े मिले परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया



यह जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया मृतक युवक के बड़े भाई कृष्ण कुमार पाण्डेय के तहरीर पर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मृतक युवक की पत्नी रोशनी देवी एवं दो नन्हे पुत्रों समेत परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है

# अब पीडब्ल्यूएल नीलामी में 250 से अधिक पहलवानों पर लगेगी बोली

▶▶| ए प्लस पहलवानों के लिए 18 लाख रुपये ▶▶| ए के लिए 12 लाख व बी के लिए आठ लाख ▶▶| सी के लिए तीन लाख रुपये निर्धारित किए गए ▶▶| पीडब्ल्यूएल का आयोजन 15 जनवरी से एक फरवरी तक होगा

▶▶| नई दिल्ली

पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत सहित 250 से अधिक पहलवान शनिवार को यहां 'प्रो रेसलिंग लीग' (पीडब्ल्यूएल) के लिए खिलाड़ियों की नीलामी में बोली के लिए उपलब्ध होंगे। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) द्वारा मान्यता प्राप्त भारत की फ्रेंचाइजी आधारित पेशेवर कुश्ती लीग छह साल के अंतराल के बाद प्रतिस्पर्धी मंच पर वापसी के लिए तैयार है। पीडब्ल्यूएल 2026 की नीलामी सूची में शामिल पहलवानों को प्रदर्शन और अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग के आधार पर चार वर्गों - ए प्लस (मार्की), ए, बी और सी में बांटा गया है। इन वर्गों के लिए आधार मूल्य तय किए गए हैं, जिसमें ए प्लस पहलवानों के लिए 18 लाख रुपये, ए के लिए 12 लाख रुपये, बी के लिए आठ लाख रुपये और सी के लिए तीन लाख रुपये निर्धारित हैं। इससे फ्रेंचाइजी को पारदर्शी और सुव्यवस्थित बोली प्रक्रिया मिलेगी। नीलामी पूल में शीर्ष अंतरराष्ट्रीय पहलवानों और भारत के प्रमुख पहलवानों का मजबूत मिश्रण शामिल हैं जिनमें ओलंपिक और विश्व चैंपियन, पदक विजेता और स्थापित सितारे मौजूद हैं।



### श्रेणी ए में ये रहेंगे

श्रेणी ए में विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता और पूर्व राष्ट्रमंडल खेल चैंपियन दीपक पूनिया, हाल में अंडर-23 विश्व चैंपियन बने भारत के सुजीत कलकल, अर्मेनिया के चार बार के विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता आर्सेन हरुत्यूनियन, मंगोलिया के पूर्व एशियाई खेल चैंपियन और दो बार के विश्व पदक विजेता तुलगा तथा पोलैंड के 2025 विश्व चैंपियनशिप कांस्य पदक विजेता रॉबर्ट बारान जैसे नाम शामिल हैं।



### ए प्लस श्रेणी में ये पहलवान

ए प्लस श्रेणी में जापान की महिला कुश्ती की दिग्गज युई सुसाकी, क्यूबा की पेरिस ओलंपिक रजत पदक विजेता युसनेलिस गुजमान लोपेज, यूक्रेन की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता इरीना कोलियाडेंको के साथ भरतीय सितारे अमन सहरावत और भारत की अब तक की सबसे कम उम्र की ओलंपियन महिला पहलवान और दो बार की विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता अंतिम पंघाल शामिल हैं।

### लीग का कुल 'पर्स' 12 करोड़

इस सत्र के लिए लीग का कुल 'पर्स' 12 करोड़ रुपये होगा जिसमें छह फ्रेंचाइजी को अपनी टीम बनाने के लिए दो दो करोड़ रुपये मिलेंगे। टीमें कुल नौ भार वर्गों में मुकाबला करेंगी जिसमें पांच पुरुष और चार महिला वर्ग शामिल हैं। प्रत्येक फ्रेंचाइजी को न्यूनतम नौ और अधिकतम 12 पहलवानों की टीम बनानी होगी जिसमें पांच पुरुष और चार महिला पहलवान अनिवार्य होंगे। टीम में चार विदेशी पहलवान (दो पुरुष और दो महिला) होना जरूरी होगा ताकि हर टीम में मजबूत अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति सुनिश्चित की जा सके। इसके अलावा हर टीम में श्रेणी सी से कम से कम एक पहलवान का होना अनिवार्य होगा जिसका उद्देश्य उभरती प्रतिभाओं को बढ़ावा देना और प्रतिस्पर्धा के अवसरों का विस्तार करना है। पीडब्ल्यूएल का आयोजन 15 जनवरी से एक फरवरी तक किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### महिला हॉकी टीम में कोच मारिन की वापसी

नई दिल्ली। नीदरलैंड के सोर्ड मारिन को फिर से भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच नियुक्त किया गया। वह दूसरी बार यह पद संभालेंगे। इससे पहले उनके कोच रहते हुए भारतीय महिला टीम तोक्यो ओलंपिक खेलों में चौथे स्थान पर रही थी। मारिन को हरेंद्र सिंह की जगह मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। हरेंद्र को टीम के निराशाजनक प्रदर्शन और 'कोचिंग में मनमानीपूर्ण रवैया अपनाने'' के आरोपों के कारण इस्तीफा देना पड़ा था। नीदरलैंड के पूर्व हॉकी खिलाड़ी 51 वर्षीय मारिन 2017 से 2021 तक भारतीय महिला टीम से जुड़े रहे। इसके पांच साल बाद फिर से उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी टीम में मटियास विला भी शामिल होंगे, जिन्हें विश्लेषणात्मक कोच नियुक्त किया गया है।

### सातवीं बार डकार रैली में लेंगे हिस्सा हरिथ नोआ

यानबू। भारत के अग्रणी रैली रेड राइडर हरिथ नोआ शनिवार से शुरू होने वाली विश्व की सबसे मुश्किल मोटरस्पोर्ट प्रतियोगिता डकार रैली में लगातार सातवीं बार हिस्सा लेंगे।



केरल का यह 32 वर्षीय राइडर तीन से 17 जनवरी तक होने वाली डकार रैली में भारत का प्रतिनिधित्व करेगा। यह प्रतियोगिता छठी बार सऊदी अरब में आयोजित की जा रही है। डकार रैली में राइडर इस बार लगभग 8 हजार किलोमीटर की दूरी तय करेंगे। इसमें लगभग 4,800 किलोमीटर में राइडर रेत के टीलों, पथरीले इलाकों और दुर्गम पठारों से होकर गुजरेंगे। इस दौरान केवल एक बार 10 जनवरी को राइडर को विश्राम करने का मौका मिलेगा। 5 बार के भारतीय राष्ट्रीय सुपरक्रॉस चैंपियन नोआ ने 2020 में डकार रैली में पदार्पण किया था। तब यह रैली पहली बार सऊदी अरब में आयोजित की गई थी।

### सुदर्शन की पसली में फ्रैक्चर मैदान से हो सकते हैं बाहर



नई दिल्ली। बल्लेबाज साई सुदर्शन हाल में मध्य प्रदेश के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफी मुकाबले के दौरान पसली में फ्रैक्चर होने के कारण एक महीने से अधिक समय तक मैदान से बाहर हो सकते हैं। बीसीसीआई के एक सूत्र ने यह जानकारी दी। सुदर्शन भारत की सफेद गेंद की टीम का हिस्सा नहीं हैं। अहमदाबाद में तमिलनाडु और मध्य प्रदेश के बीच खेले गए विजय हजारे ट्रॉफी मैच में डाइव लगाकर रन पूरा करते समय उनकी दाईं ओर की सातवीं पसली (एंटीरियर कॉर्टेक्स) में फ्रैक्चर हो गया था। चौबीस वर्षीय सुदर्शन का तमिलनाडु के लिए बचे हुए मुकाबलों में खेल पाना मुश्किल है। हालांकि उनके इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में गुजरात टाइटंस के लिए उपलब्ध रहने की संभावना है।

### वनडे 1, 3 और 6 और टी-20 9, 12 और 13 सितंबर को खेले जाएंगे

# टीम इंडिया करेगी बांग्लादेश का दौरा खेली जाएगी वनडे और टी20 सीरीज

एजेंसी ▶▶| ढाका

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने घोषणा की कि वह इस साल सितंबर में भारत की मेजबानी करेगा, जिसमें दोनों टीम के बीच तीन मैच की वनडे और तीन मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेली जाएगी।

हालांकि मौजूदा हालात में बांग्लादेश में स्थिर सरकार नहीं होने के कारण यह स्पष्ट नहीं है कि बीसीसीआई इस दौरे के लिए सहमति देगा या नहीं। बीसीबी की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार वनडे मुकाबले एक, तीन और छह सितंबर को खेले जाएंगे जबकि टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच 9, 12 और 13 सितंबर को होंगे। भारतीय टीम सीमित ओवरों की इस श्रृंखला के लिए 28 अगस्त को बांग्लादेश पहुंचेगी।

### बांग्लादेश के घरेलू शेड्यूल का हिस्सा

खबर के अनुसार बीसीबी क्रिकेट ऑपरेशंस के इंचार्ज शहरयार नफीस ने कहा कि बांग्लादेश और भारत के बीच, जो सीरीज पहले टाल दी गई थी, उसे रीशेड्यूल कर दिया गया है। भारत सीरीज 2026 के लिए बांग्लादेश के घरेलू शेड्यूल का हिस्सा है, जिसमें पाकिस्तान, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और वेस्ट इंडीज के खिलाफ तीनों फॉर्मेट में द्विपक्षीय मुकाबले शामिल हैं।



### ये टीमें करेगी बांग्लादेश का दौरा

न्यूजीलैंड अप्रैल-मई में बांग्लादेश का दौरा करेगा, जिसमें तीन वनडे मैच 17 अप्रैल से शुरू होंगे, इसके बाद 27 अप्रैल से 2 मई तक तीन टी20 मैच होंगे। ऑस्ट्रेलिया जून में व्हाइट-बॉल दौरे के लिए आएगा, जिसकी शुरुआत 5 जून से तीन वनडे मैचों की सीरीज से होगी, इसके बाद 15 से 20 जून के बीच तीन टी20 मैच होंगे। बांग्लादेश अक्टूबर-नवंबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज के साथ अपने घरेलू कैलेंडर को खत्म करेगा। टेस्ट से पहले 22-24 अक्टूबर को तीन दिवसीय वार्म-अप मैच खेला जाएगा, जिसमें टेस्ट 28 अक्टूबर-एक नवंबर और 5-9 नवंबर को होने हैं।

### टी20 वर्ल्ड कप के बाद घरेलू सीजन शुरू

बीसीबी ने एक बयान में कहा कि कन्फर्म शेड्यूल बांग्लादेश में इंटरनेशनल क्रिकेट से भरे सीजन को पक्का करता है, जिससे देश भर के समर्थकों को घर पर टॉप-लेवल क्रिकेट देखने का मौका मिलेगा, जबकि मैच वेन्यू की डिटेल्स सही समय पर बताई जाएंगी। बांग्लादेश का घरेलू सीजन मार्च में पुरुषों के टी20 वर्ल्ड कप के बाद शुरू होगा, जिसमें पाकिस्तान 12 से 16 मार्च तक तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए दौरा करेगा। पाकिस्तान मई में आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के हिस्से के तौर पर दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए वापस आएगा, जो 8-12 मई और 16-20 मई को होने वाली है।

### जुलाई 2025 में रद कर दिया गया था दौरा

भारत का पिछले साल जुलाई में बांग्लादेश का दौरा अनिश्चितकाल के लिए रद्द कर दिया गया था और छह मैचों की सफेद गेंद की श्रृंखला को एक साल से अधिक समय के लिए टाल दिया गया था। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने पिछले जुलाई जारी अपने बयान में कहा था, 'बीसीबी और बीसीसीआई ने आपसी सहमति से अगस्त 2025 में प्रस्तावित बांग्लादेश और भारत के बीच तीन वनडे और तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सफेद गेंद की श्रृंखला को सितंबर 2026 तक स्थगित करने का निर्णय लिया है।' बयान में आगे कहा गया, 'यह फैसला दोनों बोर्ड के बीच चर्चा के बाद लिया गया है, जिसमें दोनों टीम की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट प्रतिबद्धताओं और कार्यक्रम की सुविधा को ध्यान में रखा गया है।' बीसीसीआई ने कहा, ''बीसीबी सितंबर 2026 में इस श्रृंखला के लिए भारत का स्वागत करना चाहता है। दौरे की संशोधित तारीख और कार्यक्रम की घोषणा समय आने पर की जाएगी।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे स्क्वाड में एंट्री के लिए पंत और सिराज पर होगी नजर



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

न्यूजीलैंड के खिलाफ 11 जनवरी से शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिए शनिवार को जब चयनकर्ता 15 सदस्यीय भारतीय टीम का चयन करने बैठेंगे तो ऋषभ पंत और मोहम्मद सिराज को लेकर सबसे ज्यादा चर्चा होने की संभावना है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कुछ सप्ताह पहले हुई श्रृंखला में जीत दर्ज करने वाली टीम में हालांकि कोई बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं है, लेकिन अजीत अगरकर की अध्यक्षता वाली चयन समिति दो मुद्दों पर ध्यान दे सकती है। पहला मुद्दा पंत की दूसरे विकेटकीपर के रूप में स्थिति हो सकती है, क्योंकि ईशान किशन झारखंड के लिए मध्य क्रम में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और ध्रुव जुरेल ने भी घरेलू क्रिकेट में उत्तर प्रदेश के लिए बड़ा शतक जड़ा है। अगरकर और मुख्य कोच गौतम गंभीर की पहचान टीम संयोजन के आधार पर खिलाड़ियों के चयन की है।

### मध्यक्रम में बल्लेबाजी करने वाले विकेटकीपर की जरूरत

टीम संयोजन के कारण ही उन्होंने टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए संजू सैम्सन और किशन जैसे सलामी बल्लेबाजों को चुना है। वनडे प्रारुप में टीम को मध्यक्रम में बल्लेबाजी करने वाले विकेटकीपर की जरूरत है। ऐसा विकेटकीपर, जो पांचवें या छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने में सहज हो। पंत ने गंभीर के मुख्य कोच बनने के बाद से जुलाई 2024 से दिसंबर 2025 के बीच सिर्फ एक वनडे मैच खेला है। पिछले आठ वर्षों में केवल 31 वनडे मैच खेलना और 35 से कम का औसत होना इस जुझारु खिलाड़ी की क्षमता का सही प्रतिबिंब नहीं है।

**पांड्या-बुमराह को आराम दिए जाने की संभावनाः** टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए हार्दिक पांड्या और जसप्रीत बुमराह को आराम दिए जाने की संभावना है, लेकिन यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या चयनकर्ता अन्य दो तेज गेंदबाजों (हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह) को भी आराम देते हैं। दोनों ने हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हुई श्रृंखला में हिस्सा लिया था। सिराज को परिस्थितियों के कारण चैंपियंस ट्रॉफी के लिए नहीं चुना गया था।

### एसए20

## अंक तालिका में टॉप पर सुपर किंग्स डीएसजे को सुपर ओवर में हराया



एजेंसी ▶▶| जोहानिसबर्ग

डोनोवन फेरेरा (नाबाद 33) और रिचर्ड ग्लीसन (41 रन देकर तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन की मदद से जोबर्ग सुपर किंग्स ने एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट के एक रोमांचक मुकाबले में डरबन सुपर जायंट्स को सुपर ओवर में हराकर अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया।

■ एसए20 के इतिहास में पहली बार मैच रहा टाई

सुपर किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 205 रन बनाए। सुपर जायंट्स ने आठ विकेट पर 205 रन बनाकर मैच को सुपर ओवर तक खींच दिया। सुपर जायंट्स की पारी की आखिरी गेंद पर फेरेरा ने ईथन बॉश (09) को रन आउट कर दिया, जिससे स्कोर बराबर हो गया। इस तरह से एसए20 के इतिहास में पहली बार कोई मैच टाई रहा।

ग्लीसन ने सुपर ओवर में केवल पांच रन दिए। इस तरह से जोबर्ग सुपर किंग्स को जीत के लिए केवल छह रन चाहिए थे। रिली रोसो ने नूर अहमद की पहली तीन गेंदों पर दो चौके लगाकर जोबर्ग सुपर किंग्स को लगातार तीसरी जीत दिलाई। इस जीत से वह 13 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया।

### रांची रॉयल्स ने सूरमा हॉकी क्लब को हराया

रांची। रुतुजा दादासो पिसल और साक्षी राणा के गोल की बदौलत रांची रॉयल्स ने शुक्रवार को यहां महिला हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) मैच में जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब को 2-0 से हरा दिया। मैच की शुरुआत से ही दोनों टीमों की रक्षापंक्ति ने मजबूत खेल का प्रदर्शन किया। मैच के 12वें मिनट में सूरमा हॉकी क्लब को पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन पेनी स्क्विब के शॉट पर रक्षापंक्ति ने शानदार बचाव किया। पहले हाफ के खत्म होने में कुछ ही सेकंड पहले। एगोस्टिना अलोंसो ने मिडफील्ड से सर्कल में एक जोरदार पास दिया और रुतुजा (30वें मिनट) ने अविश्वसनीय कौशल का प्रदर्शन करते हुए गेंद को बखूबी अपने कब्जे में ले लिया और उसे नेट में डालकर गोल कर दिया। रांची की टीम नें 54वें मिनट में एक और शानदार मैदानी गोल से अपनी बढ़त दोगुनी कर ली।

## मैनचेस्टर सिटी - लिवरपूल का मैच ड्रॉ, आर्सेनल को बढ़त

एजेंसी ▶▶| लंदन

ईपीएल

एर्लिंग हालैंड की मौजूदगी के बावजूद मैनचेस्टर सिटी को सुंदरलैंड के खिलाफ महत्वपूर्ण मैच गोलरहित ड्रॉ खेला, जिससे आर्सेनल ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में चार अंक की बढ़त हासिल कर ली है। लिवरपूल भी लीड्स के खिलाफ गोल करने में नाकाम रहा और उसे एनफील्ड में गोलरहित ड्रॉ खेलने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा। शीर्ष पर काबिज आर्सेनल के अब 19 मैच में 45 अंक हैं जबकि मैनचेस्टर सिटी इतने ही मैच में 41 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। लिवरपूल के अब 33 अंक हो गए हैं और वह पहले की तरह चौथे स्थान पर है। एस्टन विला 39 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है।



## नीरज और सचिन एआईयू के परीक्षण पूल में शामिल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिग्गज भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा और सचिन यादव को इस साल के पहले तीन महीने के लिए विश्व एथलेटिक्स की डोपिंगरोधी निगरानी संस्था एथलीट्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) के पंजीकृत परीक्षण पूल (आरटीपी) में शामिल किया गया है। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता चोपड़ा इस सूची में नियमित रूप से शामिल होते रहे हैं, लेकिन पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में चौथे स्थान पर रहने वाले यादव को पहली बार इसमें जगह मिली है। एशियाई चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता यादव ने विश्व चैंपियनशिप में चोपड़ा को पीछे छोड़ दिया था, जो फिटनेस संबंधी समस्याओं के कारण आठवें स्थान पर रहे थे। यादव ने 86.27 मीटर भाला फेंककर अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए न केवल चोपड़ा को, बल्कि पाकिस्तान के मौजूदा ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम को भी पीछे छोड़ा था। नदीम 10वें स्थान पर रहे थे। उत्तर प्रदेश के इस 26 वर्षीय खिलाड़ी को भाला फेंक का अगला स्टार माना जा रहा है।



### 18 जनवरी से शुरू होगा वर्ष के पहला ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट

# ऑस्ट्रेलियाई ओपन से वापसी करेंगी वीनस, मिली वाइल्ड कार्ड एंट्री

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

दिग्गज टेनिस खिलाड़ी और सात बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन वीनस विलियम्स पांच साल में पहली बार इस वर्ष ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भाग लेगी और इस तरह से इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन जाएगी।

उन्हें 18 जनवरी से शुरू होने वाले वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में खेलने के लिए वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया गया है। टूर्नामेंट के आयोजकों ने घोषणा की कि 45 वर्षीय वीनस उस मेलबर्न पार्क में वापसी करने के लिए तैयार है, जहां उन्होंने 28 साल पहले पहली बार हिस्सा लिया था। उन्होंने 1998 में दूसरे दौर में अपनी छोटी बहन सेरेना को हराया था, लेकिन क्वार्टर फाइनल में हमवतन अमेरिकी खिलाड़ी लिंडसे डेवनपोर्ट से हार गई थीं।

### मेलबर्न पार्क में 28 साल पहले पहली बार लिया था हिस्सा



### 2021 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में लिया था हिस्सा

वीनस ने नवंबर में घोषणा की थी कि वह ऑस्ट्रेलियाई ओपन से दो सप्ताह पहले न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में खेलेंगी, जहां उन्हें वाइल्ड कार्ड मिला है। ऑस्ट्रेलियाई ओपन के आयोजकों के अनुसार वीनस ने होबार्ट में होने वाले एक अन्य टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए भी पंजीकरण कराया है। वीनस ने इससे पहले आखिरी बार 2021 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में हिस्सा लिया था। वह यहां दो बार महिला एकल में उपविजेता रह चुकी हैं। वह 2003 और 2017 में फाइनल में सेरेना से हार गई थीं।

### टूर्नामेंट में खेलने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी

वीनस ने कहा, 'मैं ऑस्ट्रेलिया में खेलने को लेकर बहुत उत्सुक हूं। वहां मेरी कई अविश्वसनीय यादें जुड़ी हैं। मुझे बहुत खुशी है कि मैं फिर से उस जगह लौट रही हूं, जिसका मेरे करियर में बहुत महत्व रहा है।' इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भाग लेकर वीनस इस टूर्नामेंट में खेलने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन जाएगी। वह जापान की किमिको दाते के रिकॉर्ड को तोड़ देंगी, जो 2015 में मेलबर्न पार्क में पहले दौर में हारने के समय 44 वर्ष की थीं।

## संक्षेप

### हार्ट के 24 बच्चों का जल्द ही होगा सफल ऑपरेशन...

अमन लेखनी समाचार

मल्लावां - श्री सत्य साईं संजीवनी हॉस्पिटल रायपुर छत्तीसगढ़ के कुशल चिकित्सकों द्वारा 24 बच्चों के हार्ट के ऑपरेशन ले जाकर किये जाएगे। गरीब परिवार के इन बच्चों को जीवनदान देने का सराहनीय कार्य किया गया।

### बांटे गए कंबल

अमन लेखनी समाचार

माधौगंज हरदोई गांव के गरीब जरूरत मन्द लोगो को प्रधान ने ठंड से बचने के लिए कम्बल वितरित किए। ग्राम पंचायत पड़रा लखनपुर में ग्राम प्रधान शिवेंद्र सिंह उर्फ पप्पू ने शनिवार को पंचायत भवन में सुमन, मनोरमा, सुशीला, नीलम, चंद्रमुखी, अरुणा, विद्यादेवी, रामस्वरूप, सुरेश पाल, शिशुपाल, छून्नू आदि 5 सौ जरूरत मन्दो में कम्बल वितरित किए। कम्बल पाकर उनके चेहरों पर खुशी छा गई। कम्बल वितरण में दिव्यांग, विधवा व असहाय लोगो को वरीयता दी गई। इस मौके पर गांव के सम्भ्रांत लोग मौजूद रहे।

### चोरों ने ट्रांसफार्मर से लाखों के पार्ट्स किए चोरी, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, हमीरपुर। बीती रात कस्बे के इमिलिया थोक के वार्ड दो के मुख्य मार्ग के किनारे लगे 400 केवीए के विद्युत ट्रांसफार्मर से अज्ञात चोर करीब ढाई लाख रुपए के वेशकीमती उपकरण चोरी करके फरार हो गए। अवर अभियंता ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। कस्बे के इमिलिया थोक के मुख्य मार्ग में हाईवे से महज 100 मीटर आगे वार्ड संख्या 2 में लगे 400 केवीए के विद्युत ट्रांसफार्मर से अज्ञात चोर ढाई लाख रुपए कीमत के उपकरण चोरी करके फरार हो गए। सुबह घटना की जानकारी होने पर अवर अभियंता कार्तिकेय त्रिपाठी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। बता दें कि चोरों ने गत 18 दिसंबर की रात इस ट्रांसफार्मर में चोरी का प्रयास किया था लेकिन सफल नहीं हुए थे। इसका मुकदमा भी दर्ज हुआ था। इसके बाद चोरों के हौसले बुलंद रहे और उन्होंने मौका पाकर इस ट्रांसफार्मर से करीब ढाई लाख कीमत के उपकरण चोरी कर लिए और फरार हो गए।

# स्व. शिवराज सिंह सातवीं पुण्यतिथि व अलोक सिंह ने नीलू की पुण्य स्मृति में स्वास्थ्य शिविर व ट्राई साईकिल का किया वितरण

अमन लेखनी समाचार

मल्लावां ( हरदोई ) दिव्य अलोक सेवा फाउंडेशन के तहत प्रख्यात शिक्षाविद व लोकतंत्र सेनानी स्व. शिवराज सिंह की सातवीं पुण्यतिथि व डॉ आलोक सिंह ₹नीलू₹ की पुण्य स्मृति में विधायक आशीष सिंह आशू ने स्वास्थ शिविर, ट्राई साईकिल ,हाब्रिड बीज वितरण, मोतिया बिन्द ऑपरेशन जैसे कार्यक्रम का विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह, जयवीर सिंह ने दीप प्रजवलित कर शुभारंम्भ किया ।

कस्बे के जूनियर हाई स्कूल मैदान में शुक्रवार को विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं को लेकर विधायक आशीष सिंह ने आयोजन किया ।मुख्य अतिथि विधानसभा सभा अध्यक्ष सतीश महाना,वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने स्व. शिवराज सिंह व डॉ अलोक सिंह को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि विधायक के पूज्य पिता स्व. शिवराज सिंह, भाई डॉ आलोक सिंह के कार्यो का उल्लेख कर कहा उन्होंने सच्ची श्रद्धांजलि ही गरीबों की सेवा करना है।जो आशू बखूभी निभा रहे है ।वित्त एवं संसदीय कार्य मन्त्री सुरेश खन्ना ने कहा कि प्रदेश सरकार ने चिकित्सा के क्षेत्र में आज 81 मेडिकल कॉलेज जिसमें 36 निजी और 45 सरकारी कॉलेज है। डेंगू और मलेरिया अभी को लेकर अच्छा कार्य किया जा रहा है। डेंगू के मरीजों में वर्ष 2017 से 96 प्रतिशत और मलेरिया 53 प्रतिशत की कमी आई है। टीवी रोग पर 2015 से बहुत बड़े पैमाने पर कार्य चल रहा है। सेवा की अगर बात की जाए तो जीवन का असली उद्देश्य ही दूसरे की मदद करना है जो आशीष सिंह का परिवार निभा रहा है। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि समाज की सेवा ऐसे कार्यक्रम के माध्यम से की जा सकती है। उन्होंने घोषणा की मल्लावां में इलेट्रिक बस अगले कार्यक्रम में हरी झंडी दिखाकर चलाई जाएगी और चार्जिंग स्टेशन भी लगाए जाए गे। निः शुल्क 34 विकलांगों को ट्राई साईकिल जिसमें 12 बैटरी और 18 साईकिल वितरित की गईं। । दिव्यांगजनों को 15 मशीने भी दी गईं। खेती किसानी में अहम कार्य करने वाले 50 उन्नत शील किसान और 50 मेधावी छात्र -छात्राओं का सम्मान किया गया। लगभग प्रगतिशील किसानो को भी बीज देकर सम्मानित किया गया। । लगभग 10 हजार किसानों को पांच सब्जी के हाब्रिड बीज वितरित किये गए। असहाय गरीबों को ठंड से बचाव को लेकर तीन हजार लोगों को कंबल वितरण किया गया। स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से 260 लोगों का मोतियाबिन्द ऑपरेशन किया गया। करीब 860 लोगों को चश्मा वितरण और 1200 लोगों को ओपीडी के माध्यम से देखा गया।

स्वास्थ्य शिविर में दंत चिकत्सक, कैंसर रोग, पेट रोग गैस्ट्रोलॉजी, हृदय रोग, होम्योपैथिक और आयुर्वेदिक दावों को लेकर शिविर आयोजित किए गए जिसमें चिकित्सकों ने सैकड़ो मरीजो को उपचार व दवाइयां उपलब्ध कराई। सुबह से ही सैकड़ो लोगों की भीड़ देखने को मिली जहां उन्हें जल पान आदि की भी व्यवस्था उपलब्ध कराई गईं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रांत प्रचारक कौशल किशोर, सांसद अशोक रावत, विधायक मानवेंद्र प्रताप सिंह,जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती, जिलाधिकारी अनुनय झा , पुलिस अधीक्षक अशोक मीणा , विधायक की मां विमला देवी, छोटे भाई आईएस गौरव सिंह आईएस, जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, पूर्व उन्नाव जिला अध्यक्ष अवधेश कटियार, पूर्व जिलाध्यक्ष श्रीकृष्ण शास्त्री, सौरभ मिश्र,संजय सिंह और अमीर कबीर ने मंच का संचालन किया।

# कोहरे के कारण अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई यात्री बस, टला बड़ा हादसा

अमन लेखनी समाचार



बीजपुर (सोनभद्र):रेणुकूट-बीजपुर मार्ग पर शुक्रवार की सुबह घने कोहरे ने रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया। कोहरे की वजह से एक यात्री बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। इस हादसे में बस सवार यात्री बाल-बाल बच गए, जिससे एक बड़ी अनहोनी टल गई।?प्राप्त जानकारी के अनुसार, शुक्रवार की सुबह एक निजी यात्री बस बीजपुर से सवारियां लेकर रेणुकूट की ओर रवाना हुई थी।जैसे ही बस जरहा गांव के पोथी पाथर के पास पहुंची, दृश्यता बेहद कम होने के कारण चालक को सड़क का अंदाजा नहीं मिल सका।इसी बीच बस अनियंत्रित होकर सीधे एक पेड़ से टकरा गई।टक्कर होते ही बस के भीतर अफरा-तफरी मच गई।गनीमत यह रही कि बस की गति बहुत अधिक नहीं थी, जिसके कारण बस में बैठी सवारियां सुरक्षित रहीं।राहगीरों और ग्रामीणों की मदद से सभी यात्रियों को सुरक्षित नीचे उतारा गया। बस के अगले हिस्से को काफी नुकसान पहुँचा है।स्थानीय लोगों का कहना है कि सर्दी के मौसम में इस मार्ग पर सुबह के वक्त विजिबिलिटी (दृश्यता) शून्य के बराबर हो जाती है। पोथी पाथर के पास हुए इस हादसे ने एक बार फिर कोहरे में सुरक्षित ड्राइविंग की चुनौती को उजागर कर दिया है। पुलिस ने मौके पर पहुँचकर स्थिति का जायजा लिया और यात्रियों को उनके गंतव्य तक भेजने में सहायता की।

# हमीरपुर ने पैनथर इलेवन को 70 रनों से हराया

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। छानी खुर्द गांव के खेल मैदान में चल रहे क्रिकेट टूनामेंट में शुक्रवार के दिन हमीरपुर और पैनथर इलेवन के बीच तीसरा क्वार्टर फाइनल मैच खेला गया। हमीरपुर टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया और पहले हमीरपुर ने बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवरों में चार विकेट खोकर 173 रन बनाए।

हमीरपुर टीम के बल्लेबाज अखिल द्विवेदी ने धुआंधार पारी खेलते हुए 16 छक्कों और एक चौके की मदद से शतक पूरा किया। अखिल ने बल्लेबाजी करते हुए महज 30 गेंदों में 112 रन बनाए। उनके साथी बल्लेबाज ने सद्दाम ने 5 गेंदों में 17 रन बनाकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। हमीरपुर टीम के अखिल ने अच्छी बल्लेबाजी की और अखिल ने लगातार पांच छक्के जड़े,जिसपर गांव के हरगोविंद प्रजापति ने ग्यारह ग्यारह सौ का नगद पुरुस्कार दिया।वहीं पैनथर इलेवन के गेंदबाज लकी ने तीन ओवरों में 21 रन देकर 2 विकेट लिए। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी पैनथर इलेवन टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही और पहले ओवर की तीसरी गेंद पर मोहित बिना खाता खोले आउट हो गए। मात्र 14.3 ओवरों में मात्र 104 रन पर ढ़ेर हो गयी और हमीरपुर ने 70 रनों से तीसरा क्वार्टर फाइनल जीतकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। हालांकि पैनथर इलेवन के बल्लेबाज लकी ने एक सिरा संभालने की कोशिश की और 28 रन बनाए,लेकिन अन्य खिलाड़ी उसका साथ नहीं दे पाए। हमीरपुर के गेंदबाज अखिल और आशिफ ने अच्छी गेंदबाजी करते हुए अखिल ने 3 ओवरों में 12 रन देकर 3 विकेट झटके वहीं आशिफ ने 3 ओवर 15 रन देकर तीन विकेट झटके। हमीरपुर के अखिल द्विवेदी को मैन ऑफ मैच दिया गया।मैच में मुहम्मद हुसैनी और लोकेंद्र शिवहरे एम्पायर रहे वहीं स्कोरर महेंद्र सिंह उर्फ. छोटू और कमेंट्री मुमताज हाफिज,और जलालुद्दीन ने की ने की।

# पुलिस मुठभेड़ में 10 लाख की टप्पेबाजी/चोरी की घटना में संलिप्त 03 अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। थाना रॉबर्ट्सगंज पर विद्यासागर तिवारी निवासी बलिया द्वारा तहरीर दी गई कि उनकी कंपनी सी0एस0डी0 इन्फ्रा0 के कैशियर प्रकाश द्विवेदी व चालक रविकान्त बैंक ऑफ बड़ौदा मुख्य शाखा रॉबर्ट्सगंज से 10 लाख रुपये नकद निकालकर वाहन से जा रहे थे बैंक परिसर में ही अज्ञात संदिग्धों द्वारा वाहन को पंचर कर दिया गया। आगे रामलीला मैदान गेट के पास चक्का पूरी तरह बैठ जाने पर चालक टायर लेकर चला गया, इसी दौरान अज्ञात व्यक्ति द्वारा कैशियर को भ्रमित कर रुपयों से भरा बैग लेकर फरार हो गया। तहरीर के आधार पर थाना रॉबर्ट्सगंज पर मु0अ0सं0झ 1273/2025 धारा 318(4), 303(2) बीएनएस के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है उक्त घटना के क्रम में संलिप्त अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु अभिषेक वर्मा, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के विशेष निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक रॉबर्ट्सगंज व एसओजी प्रभारी को जरिये मुखबीर खास सूचना प्राप्त हुई कि पूर्व में थाना रॉबर्ट्सगंज क्षेत्रान्तर्गत रामलीला मैदान गेट के सामने से 10 लाख रुपये की टप्पेबाजी/चोरी की घटना मे शामिल अभियुक्तगण चुर्क रेलवे स्टेशन थाना रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र के पास डेरा डालकर रूके हुए है। उक्त सूचना पर दिनांक 02.01.2026 को बीती रात्रि में एसओजी टीम, प्रभारी निरीक्षक थाना रॉबर्ट्सगंज, चौकी प्रभारी कस्बा एवं चौकी प्रभारी सुकृत के नेतृत्व में 03 टीमों का गठन कर तत्काल पुलिस टीम के साथ मौके पर आकर घेराबंदी की गई, जिसमें पुलिस टीम से घिरता देख अभियुक्तगण के द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी गई। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्यवाही की गई, जिसमें दो अभियुक्तगण 01. गैंग लीडर सुब्रमन्यम पुत्र वेंकेट स्वामी निवासी वाकीपाड़ा पो0 करंजी खुर्द थाना नवापुर जिला नन्दूरवार महाराष्ट्र 02. बालामुर्गन पुत्र नारायण निवासी वाकीपाड़ा पो0 करंजी खुर्द थाना नवापुर जिला नन्दूरवार महाराष्ट्र, के पैर में गोली लगने से घायल हो गए एवं एक अन्य अभियुक्त 03. रामू नायकर उर्फ रामू नायडू पुत्र गणेश निवासी इ-10 कामराजनगर थाना तिरुवेरम्बूर जिला तिरुचिरापल्ली तमीलनाडू को भी मौके से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्तगण के पास घटनास्थल से 02 अदद अवैध देशी तमंचा, 02 अदद जिन्दा कारतूस, 02 अदद खोखा कारतूस एवं टप्पेबाजी किए हुए 1,35,000 रुपये की बरामदगी की गई। घायल अभियुक्तगण को ईलाज हेतु मेडिकल कॉलेज रॉबर्ट्सगंज भिजवाया गया है जहाँ वह ईलाजरत है। उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना रॉबर्ट्सगंज पर पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0-1273/2025 धारा 318(4), 303(2) बीएनएस में धारा 109(1), 303(2), 317(2) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट की धाराओं की बढ़ोत्तरी की गई है ।

# हमीरपुर मे धूप न निकलने से गेहूं की फसल पड़ने लगी पीली

### नव वर्ष के तीसरे दिन बदली व शीतलहर से जनजीवन अस्तव्यस्त

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। नववर्ष के तीसरे दिन जिले में बदली और शीतलहर ने जनमानस को बेहाल कर दिया। पूरे दिन आसमान में बादल छाए रहे और सर्द हवाओं के चलते ठिठुरन बढ़ गई। शनिवार को जिले का अधिकतम तापमान 15.2 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बीते कई दिनों से कोहरे और शीतलहर का प्रकोप लगातार जारी है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

जानकारी के अनुसार गुरुवार को दोपहर में कुछ देर धूप निकलने के बाद शाम होते ही कोहरा छा गया था। घने कोहरे और कड़ाके की ठंड के साथ हुई। शनिवार को भी पूरे दिन बदली और ठंडी हवाओं के कारण बाजारों, सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर सन्नाटा पसरा रहा। आवश्यक कार्यों से बाहर निकलने वाले लोग सर्दी से कांपते नजर आए। शाम ढलते ही गलन बढ़ने से ठंड का असर और तेज हो गया। शीतलहर और कोहरे का असर किसानों पर भी साफ दिखाई दे रहा है। किसानों का कहना है कि पिछले एक पखवाड़े से लगातार पड़ रहे कोहरे के कारण फसलों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। धूप न निकलने से गेहूं की फसल पीली पड़ने लगी है, जिससे किसान चिंतित हैं। इसके अलावा मटर, मसूर और अरहर जैसी दलहनी फसलें भी कोहरे के कारण प्रभावित हो रही हैं। इस संबंध में कृषि रक्षा इकाई के तकनीकी सहायक अजित कुमार शुक्ला ने किसानों को सलाह दी है कि वे गेहूं की फसल में एनपीके 19,19 का छिड़काव करें। उन्होंने बताया कि एनपीके 19,19 पाउडर का घोल बनाकर छिड़काव करने से फसल में पोषक तत्वों की कमी दूर होगी और फसल पुनः प्राकृतिक अवस्था में लौट आएगी। लगातार जारी सर्दी और मौसम की मार से जहां आम जनजीवन प्रभावित है, वहीं किसान भी मौसम साफ होने की आस लगाए बैठे हैं।

# कड़ाके की ठंड में प्रशासन की गर्माहट

### 275 जरूरतमंदों को बांटे कंबल, खिले चेहरे

अमन लेखनी समाचार

सरीला, हमीरपुर। तहसील परिसर में कड़ाके की ठंड को देखते हुए शासन की मंशा के अनुरूप कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के जरूरतमंद व पात्र लोगों को ठंड से बचाव हेतु कंबल वितरित किए गए।

विधायक मनीषा अनुरागी, जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत हमीरपुर, अपर जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी सरीला, तहसीलदार सरीला सहित अन्य गणमान्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने पात्र लाभार्थियों को स्वयं कंबल वितरित कर उन्हें ठंड से बचाव का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान तहसील परिसर में स्वास्थ्य सेवाओं को ध्यान में रखते हुए मेडिकल कैंप भी लगाया गया, जिसमें लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई तथा आवश्यक परामर्श दिया गया। इस पहल से ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को विशेष लाभ मिला। कंबल वितरण कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 275 पात्र लाभार्थियों को कंबल वितरित किए गए। प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया गया कि सहायता वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। अतिथियों ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम सरकार की संवेदनशीलता और सामाजिक सरोकारों को दर्शाते हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि आगे भी जरूरतमंदों के लिए ऐसे राहत कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाएंगे, ताकि ठंड के मौसम में कोई भी व्यक्ति असहाय न रहे।

# आर्मी फाउंडेशन ने श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया माता सावित्रीबाई फुले का जन्मदिवस

### महिला शिक्षा और सामाजिक समानता के लिए उनके संघर्ष को किया गया नमन

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। आर्मी फाउंडेशन के तत्वावधान में भारत की प्रथम महिला शिक्षिका, महान समाज सुधारक और नारी शिक्षा की अग्रदूत माता सावित्रीबाई फुले का जन्मदिवस हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकताओं और गणमान्य नागरिकों ने भाग लेकर उनके संघर्षपूर्ण जीवन और ऐतिहासिक योगदान को स्मरण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संगठन के अध्यक्ष नीरज सैनी ने कहा कि माता सावित्रीबाई फुले ने उस दौर में महिलाओं और दलितों को शिक्षा का अधिकार दिलाने के लिए सामाजिक कुरीतियों से लोहा लिया। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय के लिए समर्पित कर दिया। उनका जीवन आज भी समाज को सही दिशा और प्रेरणा देता है। इस अवसर पर संगठन महासचिव राहुल प्रजापति, संतोष मौर्य, रवि सैनी, राम मूर्ति मौर्य, प्रमोद मौर्य, गोलू कश्यप, सूरजभान सैनी, राजू सैनी, हेमराज मौर्य, अभिषेक गौतम सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। सभी ने माता सावित्रीबाई फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने महिलाओं की शिक्षा, सामाजिक समानता और संविधान प्रदत्त अधिकारों की रक्षा पर जोर दिया तथा माता सावित्रीबाई फुले के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। आयोजन शांतिपूर्ण, अनुशासित और प्रेरणादायक वातावरण में संपन्न हुआ।

# निकली माँ कालिका की भव्य झांकी, जयकारों से गूंज उठा पूरा क्षेत्र

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। हमीरपुर जिले के मुस्करा विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम बिहूनी में इन दिनों रामलीला की धूम है। यहाँ सदियों पुरानी परंपरा को जीवंत रखते हुए रामलीला मंचन के चौथे दिन, पूर्णिमा के शुभ अवसर पर माँ कालिका की भव्य झांकी निकाली गई। इस अलौकिक दृश्य को देखने के लिए न केवल गांव के लोग, बल्कि आसपास के क्षेत्रों से भी हजारों की संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े।

ग्रामीणों के अनुसार, बिहूनी गांव में माँ कालिका की झांकी निकालने की यह परंपरा अत्यंत प्राचीन है। पूर्णिमा की शाम के समय माँ काली माता का स्वरूप गांव की गलियों में निकलता है, तो पूरा गांव भक्तिमय हो जाता है। झांकी में सबसे आगे बैंड-बाजा और डीजे की धुनों पर थिरकते भक्त और माँ के स्वरूप के आगे खप्पर लिए चल रहे श्रद्धालु झांकी का सबसे भावुक और आध्यात्मिक क्षण वह था जब माँ काली का रथ भ्रमण करते हुए रामलीला मंच पर पहुँचा पीछे पीछे घोड़े चल रहे थे यहाँ ग्रामीणों और भक्तों ने मंच पर विराजमान भगवान श्री राम और लक्ष्मण की भव्य आरती उतारी। मान्यता है कि इस मिलन के दर्शन मात्र से क्षेत्र में सुख-शांति बनी रहती है। माँ काली ने भगवान राम और लक्ष्मण के दर्शन किए, जिसके बाद झांकी अपने समापन की ओर आगे बढ़ी अपार जनसमूह झांकी को देखने के लिए हजारों की भीड़ जुटी, जिससे सुरक्षा और व्यवस्था संभालने में कमेटी सदस्य और ग्रामीण जुटे रहे गूंजते जयकारे श्जय माता दीश और श्जय श्री रामश के नारों से पूरा बिहूनी गांव गुंजायमान रहा सांस्कृतिक धरोहर यह आयोजन आधुनिकता के दौर में भी अपनी प्राचीन जड़ों और लोक संस्कृति को संजोए हुए है इसके बाद रात्रि में सीता हरण केवट संवाद और सूप नखा की नाक काटने और आगे का रामलीला मंचन होगा और चार जनवरी को भव्य दंगल का आयोजन किया जाएगा जिसमें दावपेंच दिखाने के लिए दूर दूर से पहलवान आयेंगे।

### सड़क हादसे में संविदा कर्मी की मौत

अमन लेखनी समाचार

माधौगंज, हरदोई।थाना क्षेत्र के गांव शुक्लापुर भगत निवासी बिजली विभाग में संविदा पर तैनात लाइन मैन सुमित बाइक पर सवार होकर पावर हाउस किसी कार्य से जा रहा था। बिल्हौर कटरा मार्ग रुदामऊ तिराहे के निकट अचानक बकरी सड़क पर आ गई उसे बचाने के चक्कर मे बाइक पलट गई।जिसमें सुमित को चोटें आई।

# हत्या के मामले में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

### भारी पुलिस की मौजूदगी में मृतक का शव सुपुर्द ए खाक

अमन लेखनी समाचार

राठ हमीरपुर। युवक की मौत पर हुए हंगामा के बाद भारी पुलिस फोर्स के बीच रमजान के शव का दो डॉक्टरों के पैनल से पोस्टमार्टम हुआ। शनिवार दोपहर बाद शव का अंतिम संस्कार किया गया। एसडीएम अभिमन्यु कुमार,सीओ राजीव प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे और कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया। पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर पर मारपीट के मुकदमे में एक आरोपी का नाम बढ़ाते हुए हत्या की धारा बढ़ा दी है। बताते चलें कि विगत तीन दिन पहले नगर के सिकंदरपुरा मोहल्ला में मारपीट में घायल हुए 30 वर्षीय रमजान की बीते दिन शुक्रवार को ग्वालियर में इलाज दौरान मौत हो गई थी। पुलिस द्वारा करवाई न होने का आरोप लगाते हुए परिजनों ने जमकर हंगामा काटा था। आनन-फानन में पुलिस द्वारा चार आरोपियों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया था। शनिवार को एसडीएम अभिमन्यु कुमार, सीओ राजीव प्रताप सिंह, इंस्पेक्टर राकेश कुमार, मझगवां के आशुतोष कुमार सिंह, जरिया के दिनेश पांडेय और मुस्कुरा के योगेश कुमार सहित भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई। सरीला सीएचसी अधीक्षक डॉ अखिलेश कुमार सिंह और गोहांड के डॉ० अंजुम निरंजन के पैनल द्वारा रमजान के शव का पोस्टमार्टम किया गया और दोपहर बाद हजारों की भीड़ के साथ रमजान के शव का अंतिम संस्कार किया गया। मृतक रमजान के पिता शमीम पुत्र यासीन ने बताया कि मृतक पुत्र रमजान अपनी पत्नी सायना के साथ 31 दिसंबर को घर आ रहे थे। तभी भरत मिलाप गेट के पास जुगयाना मोहल्ले के मुख्तार के कहने पर कृष्ण कुमार, निर्णय, शिवम और प्रदीप ने लोहे की राड और लाठी डंडों से मारपीट की थी। जिसकी दो दिन बाद ग्वालियर में इलाज दौरान मौत हो गई। बहू सायना की की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया था और पांचवे आरोपी को वह नहीं पहचानती। पुलिस ने पिता शमीम की तहरीर पर जुगयाना मोहल्ले के मुख्तार का नाम के साथ हत्या की धाराएं बढ़ा दी हैं।

# हरदोई में युवक की हत्या का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

### मफलर से गला दबाकर की थी हत्या

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। सवाजपुर पुलिस ने युवक की हत्या के आरोपी को गिरफ्तार किया है और उसके कब्जे से मृतक का मफलर भी बरामद किया है।आरोपी के विरुद्ध पहले से ही सवाजपुर पाली के साथ शाहजहांपुर और फतेहगढ़ में 8 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।आरोपी को सवाजपुर पुलिस ने स्वाट सर्विलांस सेल और एसओजी टीम के साथ गिरफ्तार किया है।

मामले का खुलासा करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी मार्तंड प्रकाश सिंह ने बताया 30 दिसंबर को विपिन कटिहार निवासी कन्हरी थाना सवाजपुर द्वारा सवायजपुर में मुकदमा दर्ज कराया गया था कि गांव के बाहर खेतों में बने छप्पर में उसके भाई नितिन उर्फ गोविंद की सोते समय किसी द्वारा हत्या कर दी गई है।पुलिस ने इस मामले में खुलासे के लिए टीमों को लगाया हुआ था।पुलिस ने जांच पड़ताल की तो पता चला सवायजपुर थाना क्षेत्र के फतेहपुर निवासी गौरव सिंह उर्फ भोला सिंह ने इस घटना को अंजाम दिया है।पूछताछ करने पर पुलिस को मालूम हुआ कि मृतक नितिन उर्फ गोविंद ने आरोपी के पिता के पास ट्रैक्टर गिरवी रखकर कुछ रुपए लिए थे मृतक गौरव से ट्रैक्टर वापस करने की बात कह कर धीरे-धीरे रुपया वापस देने की बात कर रहा था और इसी बात को लेकर विवाद हुआ था।विवाद के बाद गौरव मौके से चला गया कुछ देर बाद उसने वहां पहुंचकर गोविंदा की गला दबाकर हत्या कर दी थी।

# नववर्ष पर ग्राम प्रधान की पहल, 500 जरूरतमंदों को बांटे कंबल

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद, हरदोई। नववर्ष के अवसर पर शाहाबाद विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत शाहपुर नाऊ में मानवीय संवेदना और सामाजिक सरोकार का सराहनीय उदाहरण देखने को मिला। ग्राम प्रधान राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम के तहत लगभग 500 निर्धन, असहाय एवं ठंड से प्रभावित लोगों को कंबल वितरित कर सर्दी से राहत पहुंचाई गई। कार्यक्रम ग्राम पंचायत शाहपुर नाऊ स्थित प्रधान के निज आवास पर संपन्न हुआ, जहां सुबह से ही बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित रहे। वितरण के दौरान बुजुर्गों, विधवाओं, दिव्यांगजनों तथा आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को प्राथमिकता दी गई। कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरों पर संतोष और खुशी साफ झलक रही थी। इस अवसर पर ग्राम प्रधान राजेश कुमार सिंह ने कहा कि भीषण ठंड के इस मौसम में गरीब और बेसहारा लोगों की सहायता करना उनका नैतिक और सामाजिक कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि नववर्ष की शुरूआत सेवा, सहयोग और मानवता के भाव से हो, यही उनकी सोच है। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान के इस प्रयास की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए कहा कि हर वर्ष की भांति इस बार भी जरूरतमंदों का ध्यान रखा गया है, जिससे उन्हें कड़ाके की ठंड में बड़ी राहत मिलेगी। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि अभिनव प्रताप सिंह (सनी) सहित अन्य गणमान्य ग्रामीण मौजूद रहे।


अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



# बॉर्डर 2 का 'घर कब आओगे' गीत रिलीज, गायकों ने जीता दिल

मुंबई। फैंस का इंतजार खत्म हुआ और 'बॉर्डर 2' का मच अवेटेड गाना 'घर कब आओगे' शुक्रवार को रिलीज हो गया है। 'घर कब आओगे' फिल्म बॉर्डर के लोकप्रिय गीत 'संदेसे आते हैं' का री-क्रिएटेड वर्जन है। जिसे उसी धुन के साथ नए अंदाज और लिरिक्स में पेश किया गया है। जावेद अख्तर द्वारा लिखित और अनु मलिक के संगीत से सजे 'संदेसे आते हैं' के इस नए वर्जन को मनोज मुंतशिर ने लिखा है। जबकि संगीत मिथुन का है। पिछली बार इस गाने को सोनू निगम और रूप कुमार राठौड़ ने गाया था। लेकिन, इस बारे गाने में दो नहीं, बल्कि चार गायकों की आवाज है। इस बारे गाने को सोनू निगम के साथ अरिजीत सिंह, दिलजीत दोसांझ और विशाल मिश्रा ने अपनी आवाज दी है। इन चारों की आवाज में इस गाने को सुनकर फैंस उत्साहित हैं। अनुराग सिंह द्वारा निर्देशित 'बॉर्डर 2' 23 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। फिल्म में सनी देओल के साथ वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। जबकि मोना सिंह, सोनम बाजवा, आन्या सिंह और मेधा राणा भी फिल्म में अहम किरदारों में दिखाई देंगे।

लाइफ Style

# कृति नहीं लेती बॉक्स ऑफिस नंबर्स का दबाव

कृति सेनन अपनी आगामी फिल्म 'कॉकटेल 2' को लेकर चर्चाओं में हैं। 'तेरे इश्क में' की सफलता के बाद अब 'कॉकटेल 2' पर भी अच्छे प्रदर्शन का दबाव है। कृति सेनन बॉलीवुड में अपने करियर के 11 साल पूरे कर चुकी हैं। इन 11 साल में कृति कई बड़ी फिल्मों का हिस्सा रही हैं। साथ ही उन्होंने कई हिट फिल्में भी दी है। उनकी आखिरी रिलीज फिल्म 'तेरे इश्क में' भी बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी। वहीं फिल्म में उनके अभिनय की भी काफी तारीफ हुई।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

कृति नए साल में अपनी आगामी फिल्म 'कॉकटेल 2' के साथ प्रवेश कर रही हैं। यह उनकी 20वीं फिल्म भी है। इस मौके पर कृति ने 'कॉकटेल 2' को लेकर बात की और साथ ही बताया कि क्या फिल्मों की सफलता उनके ऊपर दबाव डालती है या नहीं। कृति ने बॉक्स ऑफिस नंबर के प्रेशर के बारे में बात की। एक फिल्म की सफलता क्या दूसरी फिल्म के बॉक्स ऑफिस नंबर के आंकड़ों को लेकर दबाव बनाती है? अभिनेत्री ने कहा कि वो अपने ऊपर किसी भी तरह का दबाव नहीं लेती है। हर फिल्म अलग होती है, आप यह उम्मीद नहीं कर सकते कि हर फिल्म एक ही तरह के दर्शकों को आकर्षित करेगी। कॉकटेल 2 के दर्शक, तेरे इश्क में से बिल्कुल अलग हैं। आप बस कड़ी मेहनत और पूरी ईमानदारी से काम कर सकते हैं। आपको हर फिल्म में अपना सर्वश्रेष्ठ देना होता है। इसके अलावा बाकी सब हमारे हाथ में नहीं है, क्योंकि बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की सफलता को प्रभावित करने वाले कई और कारण भी होते हैं। इसलिए मैं वह दबाव नहीं लेना चाहती। मैं अपने फिल्म निर्माताओं पर भी वह दबाव नहीं डालती। बल्कि, मैं बस इस प्रक्रिया का आनंद लेती हूं। मैं उत्साहित हूं। इससे पहले एक इंटरव्यू में बात करते हुए कृति ने कॉकटेल 2 के बारे में बताया था कि 'कॉकटेल 2 बिल्कुल सही समय पर बनी। मुझे इसकी बहुत चाह थी।



हॉलीवुड मसाला



# पिता बनने का साझा किया अनुभव

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता और मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के 'लोकी' के नाम से दुनियाभर में पहचान बना चुके टॉम हिडलस्टन एक बार फिर पिता बन गए हैं। नए साल की शुरुआत उनके लिए बेहद खास रही। टॉम हिडलस्टन और उनकी पार्टनर और अभिनेत्री जावे एश्टन ने अपने दूसरे बच्चे का स्वागत किया है। टॉम हिडलस्टन ने पिता बनने के एहसास को शब्दों में बयां करते हुए कहा कि यह अनुभव ऐसा है, जिसे महसूस किए बिना समझा नहीं जा सकता। उनके मुताबिक, यह पल न सिर्फ भावनात्मक है, बल्कि इंसान की पूरी सोच और जिंदगी को नई दिशा दे देता है। हालांकि, कपल ने अपने बच्चे के नाम और जेंडर को लेकर फिलहाल कोई जानकारी साझा नहीं की है। दोनों हमेशा से अपनी निजी जिंदगी को लाइमलाइट से दूर रखने के लिए जाने जाते रहे हैं।




# ओशन्स 11 गैंग की 19 साल बाद वापसी

लॉस एंजिल्स। 'ओशन्स' फिल्म फ्रेंचाइजी के फैंस के लिए खुशखबरी है। जॉर्ज क्लूनी ने खुलासा किया है कि वह सीरीज की चौथी फिल्म की तैयारी में हैं। एक बार फिर से ब्रैड पिट, मैट डेमन और जूलिया रॉबर्ट्स संग बाकी टीम लौटेगी। उन्होंने फिल्म के प्लॉट को लेकर भी हिंट दिया है। जॉर्ज क्लूनी, ब्रैड पिट, मैट डेमन, जूलिया रॉबर्ट्स जैसे दिग्गज सितारों से सजी 'ओशन सीरीज' की तीनों फिल्में आज करीब दो दशक बाद भी दर्शकों की फेवरेट हैं। साल 2001 में आई 'ओशन्स 11', 2004 में रिलीज ओशन्स 12 और 2007 में आई ओशन्स 13', वो फिल्में साबित हुईं, जिन्होंने बड़े पर्दे हाइस्ट जॉनर को पॉपुलर बनाया। इन फिल्मों का असर सिर्फ हॉलीवुड में ही नहीं, बल्कि दुनियाभर में हुआ। आज भी दुनिया के किसी कोने में 'हाइस्ट' यानी लूट पर कोई फिल्म या सीरीज बनती है, तो उसमें 'ओशन सीरीज' का असर दिखता है। खुशखबरी यह है कि अब सुपरस्टार्स की फौज और शानदार चोरियों का दौर फिर से लौट रहा है। जी हां, फिल्म में लुटेरों की टीम के लीडर डैनी ओशन का किरदार निभाने वाले जॉर्ज क्लूनी ने इस ओर इशारा किया है।



# अक्षय के साथ पहली बार स्क्रीन साझा करेंगी रानी

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की फ्रेंचाइजी 'ओह माई गॉड' की नई फिल्म को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अक्षय पहली बार रानी मुखर्जी के साथ काम करने जा रहे हैं। बॉलीवुड की चर्चित फ्रेंचाइजी 'ओह माई गॉड' एक बार फिर बड़े स्तर पर वापसी करने की तैयारी में है। फ्रेंचाइजी की नई फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच पहले से ही उत्सुकता बनी हुई थी और अब इस प्रोजेक्ट से जुड़ी एक बड़ी जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस बार अक्षय कुमार के साथ रानी मुखर्जी मुख्य भूमिका में नजर आ सकती हैं। अगर यह खबर पुख्ता होती है, तो यह दोनों कलाकारों की पहली ऑन-स्क्रीन जोड़ी होगी, जिसे लेकर फिल्म इंडस्ट्री में खासा उत्साह देखा जा रहा है। बताया जा रहा है कि 'ओह माई गॉड' इस समय प्री-प्रोडक्शन स्टेज में है और फिल्म की शूटिंग 2026 के मई से शुरू होने की योजना है।



# 40 की उम्र में फिर प्यार में पड़ीं कीर्ति

मुंबई। नए साल के मौके पर 1 जनवरी की देर रात कीर्ति कुल्हारी ने अपने फैंस को नए साल की शुभकामनाएं देते हुए अपने रिलेशनशिप को ओपेन किया है। एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक रील शेयर की है, जिसमें कई अलग-अलग फोटोज हैं। इन फोटोज में कीर्ति कुल्हारी अभिनेता राजीव सिद्धार्थ के साथ नजर आ रही हैं। इस रील में राजीव और कीर्ति की कई रोमांटिक तस्वीरें भी हैं। इस रील के साथ ही कीर्ति ने राजीव सिद्धार्थ के साथ अपने रिश्ते को आधिकारिक कर दिया है। कीर्ति ने अपनी पोस्ट के कैप्शन में लिखा, 'एक तस्वीर हजार शब्दों के बराबर होती है। सभी को 2026 मुबारक हो।' आजकल किसी भी रिलेशनशिप के सामने आते ही पार्टनर्स के बीच उम्र का फासला जानने के लिए भी फैंस उत्साहित रहते हैं। इसी तरह राजीव सिद्धार्थ और कीर्ति कुल्हारी के बीच के उम्र के फासले को लेकर भी फैंस उत्साहित हैं।

टीवी मसाला



# शार्क टैंक इंडिया सीजन 5 में दिखेंगे नए आइडियाज

नई दिल्ली। छोटे पर्दे पर मचअवेटेड स्टार्टअप्स शो 'शार्क टैंक इंडिया' सीजन 5 एक बार फिर सोनी टीवी पर वापसी कर रहा है। शो से जुड़े कई प्रोमो सामने आए हैं, जिसमें नए उद्यमियों को अपना आइडिया जजों के सामने पेश करते हुए दिखाया गया है। शो का पहला सीजन साल 2021 में आया था, जिसमें 700 से ज्यादा नई डील्स को लॉक किया गया था, लेकिन अब पांचवें सीजन के साथ 6 नए जज और नए आइडिया शो में दिखने वाले हैं। ये शार्क्स न सिर्फ स्टार्टअप्स में निवेश करेंगे, बल्कि उद्यमियों को मेंटरशिप और स्ट्रैटेजिक गाइडेंस भी देंगे। सीजन 5 का प्रीमियर 5 जनवरी को सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर होगा और इसे सोनी लिव ऐप पर स्ट्रीम किया जा सकेगा। शो का फॉर्मेट वही रहेगा। जहां कई राउंड्स की स्क्रीनिंग के बाद चुनिंदा स्टार्टअप्स को शार्क्स के सामने पिच करने का मौका मिलेगा। सीजन पांच में पुराने जज विराज बहल, कुणाल बहल, अमित जैन, रितेश अग्रवाल, पीयूष बंसल, नमिता थापर, अमन गुप्ता, विनिता सिंह और अनुपम मित्तल भी दिखेंगे. इनके साथ शैली मेहरोत्रा (सीईओ, फिक्सडर्मा इंडिया), हार्दिक कोठिया (रेजॉन सोलर के संस्थापक और प्रबंध निदेशक), मोहित यादव (मिनिमलिस्ट के सह-संस्थापक) वरुण अलघ (होनासा कंज्यूमर लिमिटेड के सीईओ और सह-संस्थापक), कनिका टेकरीवाल (जेटसेटगो एविएशन की संस्थापक) और प्रथम मित्तल (मास्टर्स यूनियन और टेट्रा के संस्थापक) 'शार्क टैंक इंडिया' के नए शार्क्स होंगे।

## 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' रहा अव्वल

नई दिल्ली। नए साल की शुरुआत में यानी शुक्रवार को 51वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट जारी की गई। पिछले साल जुलाई महीने में स्मृति ईरानी स्टारर सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' ने टीवी पर पच्चीस साल बाद वापसी की। यह सीरियल पहले हफ्ते से ही टीआरपी लिस्ट में टॉप 5 में जगह बनाने में कामयाब रहा, साथ ही इसने बचे हुए साल में भी टॉप 5 में अपने लिए जगह बनाए रखी। 51वें हफ्ते में यह सीरियल अव्वल रहा, इसे 2.2 की टीआरपी मिली है। इसकी वजह है कि सीरियल में इन दिनों बहुत ट्विस्ट आ रहे हैं। लीड कैरेक्टर तुलसी और मिहिर एक-दूसरे से दूर हो चुके हैं। 51वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में रुपाली गांगुली के सीरियल 'अनुपमा को दूसरा स्थान मिला है। इसकी टीआरपी 2.1 रही है। जबकि पिछले साल यह सीरियल हर हफ्ते टॉप पर बना रहा, कभी-कभी ही ऐसा हुआ कि यह खिसककर नीचे आया हो। साल के आखिरी हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में टॉप 5 में कई और सीरियल्स ने जगह बनाई है। इसमें उड़ने की आशा और तुम से तुम तक को 1.9 की टीआरपी मिली है। यह सीरियल एक-दूसरे को टक्कर दे रहे हैं।



# द्रौपदी 2 दिखाएगी दक्षिण भारत के 14वीं सदी का इतिहास

मुंबई। 'द्रौपदी 2' को सेंसर बोर्ड से यू/ए सर्टिफिकेट मिल गया है। यह फिल्म दक्षिण भारत के 14वीं सदी के इतिहास को दिखाएगी। ऑरिजनली तमिल में बनी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 23 जनवरी को रिलीज होनी है। इसी दिन सनी देओल, वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत दोसांझ स्टारर 'बॉर्डर 2' भी रिलीज होगी। तमिल और तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में ऐतिहासिक विषयों पर बनने वाली फिल्मों में हमेशा से दर्शकों की खास दिलचस्पी मिलती रही है। जब ऐसी फिल्मों में इतिहास, वीरता, संस्कृति और सामाजिक संघर्ष की झलक मिलती है, तो दर्शक उनसे खुद को जुड़ा हुआ महसूस करते हैं। 'द्रौपदी 2' 14वीं सदी के उस दौर को दिखाएगी, जिसे इतिहास का एक अंधकारमय और उथल-पुथल भरा समय माना जाता है।' यह फिल्म दक्षिण भारत के इतिहास को बड़े पर्दे पर जीवंत रूप में पेश करेगी और इसी महीने सिनेमाघरों में रिलीज होगी। पहले खबर थी कि फिल्म निर्माता इसे 23 जनवरी 2026 को रिलीज करने पर विचार कर रहे हैं। हालांकि, अभी तक आधिकारिक रूप से इसकी घोषणा नहीं हुई है, लेकिन सेंसर सर्टिफिकेट मिलने के बाद लगभग तय माना जा रहा है कि फिल्म जल्द ही दर्शकों के सामने होगी। 'द्रौपदी 2' का निर्माण चोला चक्रवर्ती ने नेटाजी प्रोडक्शन्स के बैनर तले किया है। फिल्म को लेकर दर्शकों और फिल्म इंडस्ट्री के बीच काफी उत्साह देखा जा रहा है।



# बैंड बाजा बारात फिर से हो रही रिलीज



मुंबई। इन दिनों री-रिलीज फिल्मों का ट्रेंड जोर पकड़ रहा है और अब इस कड़ी में रणवीर सिंह और अनुष्का शर्मा की सुपरहिट रोमांटिक फिल्म 'बैंड बाजा बारात' का नाम भी जुड़ गया है। ये फिल्म एक बार फिर दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए सिनेमाघरों में लौट रही है। इस फिल्म ने न सिर्फ रणवीर सिंह को बॉलीवुड में पहचान दिलाई थी, बल्कि अनुष्का के साथ उनकी जोड़ी को भी काफी पसंद किया गया था। साल 2010 में रिलीज हुई यह फिल्म अब करीब 16 साल बाद फिर से थिएटर्स में दिखाई जाएगी। मेकर्स ने इसकी री-रिलीज डेट 16 जनवरी 2026 तय की है। इस खबर के सामने आते ही फैंस के बीच जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। खासकर उन दर्शकों के लिए यह एक खास मौका है, जिन्होंने पहली बार इस फिल्म को बड़े पर्दे पर देखा था या जो नई पीढ़ी के दर्शक हैं। 'बैंड बाजा बारात' की कहानी दो युवा और महत्वाकांक्षी लोगों के इर्द-गिर्द घूमती है, जो दिल्ली की चकाचौंध भरी शादी इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने निकलते हैं। फिल्म में दोस्ती, प्यार, महत्वाकांक्षा और टकराव को बेहद हल्के-फुल्के लेकिन असरदार तरीके से दिखाया गया है। यही वजह है कि फिल्म आज भी दर्शकों को उतनी ही ताजा लगती है, जितनी अपनी पहली रिलीज के समय लगी थी। रणवीर सिंह और अनुष्का शर्मा की जोड़ी को इस फिल्म से जबरदस्त लोकप्रियता मिली थी। दोनों की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री, डायलॉग्स और किरदारों की सादगी ने दर्शकों का दिल जीत लिया था।

# महाकाली में शुक्राचार्य की भूमिका में नजर आएंगे अक्षय



मुंबई। धुरंधर में रहमान डकैत की भूमिका से चर्चाएं बटोरने वाले अक्षय खन्ना इन दिनों आरोपों को लेकर चर्चाओं में हैं। हालांकि, इस बीच अक्षय खन्ना की अगली फिल्म महाकाली से उनकी बीटीएस तस्वीर सामने आई है। इनमें अक्षय खन्ना भी नजर आ रहे हैं। पूजा कोल्लुरु ने जो तस्वीरें साझा की हैं, उनमें 'महाकाली' के सेट से अक्षय खन्ना के साथ एक सेल्फी भी शामिल है। इसके अलावा पूजा ने 2025 के अपने सफर की कई और तस्वीरें भी साझा की हैं, जिनमें सेट की भी कुछ और तस्वीरें हैं। महाकाली से अक्षय खन्ना तेलुगु सिनेमा में अपना डेब्यू कर रहे हैं। महाकाली प्रशांत वर्मा सिनेमाटिक यूनिवर्स की अगली कड़ी है। फिल्म में अक्षय खन्ना गुरु शुक्राचार्य की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म से उनका फर्स्ट लुक सामने आया था, जिसमें उन्हें पहचानना बिल्कुल मुश्किल हो रहा था। इस लुक के सामने आने के बाद से ही फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। महाकाली में भूमि शेट्टी महाकाली के मुख्य किरदार में नजर आएंगी। अक्षय खन्ना के शामिल होने से फिल्म की और भी चर्चा हो रही है। आदित्य धर द्वारा निर्देशित धुरंधर में अक्षय खन्ना ने बलोच नेता और अंडरवर्ल्ड डॉन रहमान डकैत की भूमिका निभाई है। इस किरदार में अभिनय के लिए अक्षय खन्ना की जमकर प्रशंसा हो रही है। सबसे ज्यादा वायरल उनका डांस स्टेप हुआ है, जिसे लोग काफी कॉपी कर रहे हैं।

## कोर्टरूम ड्रामा से लेकर एक्शन और रोमांस तक

# इस वीकेंड घर बैठकर देखिए अलग-अलग प्रकार की फिल्में और सीरीज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नए साल का आगाज हो चुका है। नए साल के पहले दिन सिनेमाघरों में अगस्त्य नंदा की 'इक्कीस' रिलीज हुई है। इसे दर्शकों और क्रिटिक्स दोनों की ओर से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। वहीं, दूसरी ओर नए साल के पहले हफ्ते में ओटीटी पर भी कई फिल्में व सीरीज आ रहे हैं और कुछ आ चुके हैं। जिन्हें आप घर बैठे ही देख सकते हैं और नए साल का आनंद ले सकते हैं।

### हक

इमरान हाशमी और यामी गौतम की कोर्टरूम ड्रामा फिल्म 'हक' सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर भी रिलीज हो चुकी है। फिल्म आज यानी 2 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर मौजूद है। शाह बानो केस पर आधारित 'हक' को क्रिटिक्स ने सराहा था, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर फिल्म अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी थी।

### ब्यूटी

तेलुगु रोमांटिक थ्रिलर 'ब्यूटी' एक लड़की के प्रेम में पड़ने के बाद अपने घर से भाग जाने और माता-पिता के उसे ढूंढने की कहानी है। इमोशनल पारिवारिक ड्रामा और शॉकिंग ट्विस्ट से भरी यह फिल्म 2 जनवरी से ओटीटी के प्लेटफॉर्म जी5 पर मौजूद है।



### रन अवे

ब्रिटिश थ्रिलर वेब सीरीज 'रन अवे' भी 1 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर मौजूद है। इसमें जेम्स नेसबिट, एली डी लैंग, रुथ जोनस और अल्फ्रेड एनोच समेत कई कलाकार दिखाई देंगे।

### कुमकी 2

तमिल फिल्म 'कुमकी 2' शनिवार 3 जनवरी से ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर मौजूद रहेगी। इस फिल्म की कहानी भूमि और उसके हाथी नीला के बीच गहरे बॉन्ड पर आधारित है। बचपन में भूमि की मां द्वारा चुपके से हाथी को बेच दिए जाने के बाद, बड़े होकर भूमि अपने साथी को खोजने के लिए एक मिशन पर निकल पड़ता है।



### स्ट्रेंजर थिंग्स 5 फाइनल एपिसोड

नेटफ्लिक्स की सबसे लोकप्रिय सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स' के पांचवे सीजन का आखिरी एपिसोड भी आ चुका है। 1 जनवरी से यह फाइनल एपिसोड नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम कर रहा है।

### एलबीडब्ल्यू: लव बियॉन्ड विकेट

क्रिकेट पर आधारित स्पोर्ट ड्रामा सीरीज 'एलबीडब्ल्यू: लव बियॉन्ड विकेट' रंगन की कहानी है, जो एक होनहार खिलाड़ी रह चुका है। लेकिन, कॅरियर में ज्यादा सफलता न मिलने पर अब कोच बन गया है। सीरीज आत्मसम्मान के लिए रंगन के संघर्ष और खिलाड़ियों के इमोशनल संघर्षों को दिखाती है। यह सीरीज 1 जनवरी से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम कर रही है।

### लव फ्रॉम 9 टू 5

ऑफिस रोमांटिक-कॉमेडी सीरीज 'लव फ्रॉम 9 टू 5' 1 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर मौजूद है। इस सीरीज में ऑफिस पॉलिटिक्स से लेकर सहकर्मियों के बीच के रिलेशन तक को दिखाया गया है।

### माई कोरियन बॉयफ्रेंड

'माई कोरियन बॉयफ्रेंड' एक डॉक्यूमेंट्री सीरीज है, जो 1 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम कर रही है। सियोल में 22 दिनों में फिल्माई गई यह डॉक्यूमेंट्री सीरीज, प्यार के अलग-अलग पड़ावों पर हर जोड़े की कहानी बयां करती है।